
## शाह जयपुर में गहलोत समेत 8 राज्यों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल संग करेंगे चर्चा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में जयपुर में 9 जुलाई को नॉर्थ जोनल काउंसिल की अहम बैठक होगी। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में इंटरनल सिक्योरिटी को लेकर विशेष चर्चा होगी। 5 सितारा होटल रामबाग पैलेस में होने वाली इस बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित 8 राज्यों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल हिस्सा लेंगे। इनमें राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री उत्तर क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष होते हैं।

## प्र. सहा. भर्ती के आवेदन में संशोधन आज से हो सकेंगे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** कर्मचारी चयन बोर्ड ने प्रयोगशाला सहायक भर्ती के आवेदकों को आवेदन में संशोधन का एक और मौका दिया है। आवेदक 6 से 15 जुलाई तक ऑनलाइन संशोधन कर सकते हैं। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन में श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, जन्म तिथि, लिंग, वैवाहिक स्थिति में 300 रुपए का शुल्क जमा कराकर संशोधन कर सकते हैं। आवेदक के नाम, माता-पिता का नाम, पता, योग्यता, फोटो और हस्ताक्षर में संशोधन नहीं होगा।



## राजफैड की क्रेडिट लिमिट 2 हजार करोड़ रूपये बढ़ेगी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रमुख शासन सचिव सहकारिता एवं प्रशासक राजफैड श्रेया गुहा की उपस्थिति में मंगलवार को यहां राजफैड सभागार में राजफैड एवं पंजाब नेशनल बैंक के मध्य एमओयू संपन्न हुआ। एमओयू पर राजफैड की ओर से वित्तीय सलाहकार उषस्पति त्रिपाठी एवं पीएनबी की ओर से मुख्य प्रबंधक निखिल ने हस्ताक्षर किए। राजफैड की प्रबंध निदेशक उर्मिला राजोरिया ने बताया कि राजफैड ने अपने व्यवसाय में विविधता लाने, समर्थन मूल्य पर होने वाली खरीद का त्वरित भुगतान करने सहित अन्य गतिविधियों के लिए पीएनबी के साथ एमओयू किया है। इस एमओयू के माध्यम से पीएनबी राजफैड को 2 हजार करोड़ रूपये की क्रेडिट लिमिट उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजफैड विद्याधर गोदारा, अमित शर्मा, पीएनबी के जोनल मैनेजर आरके वाजपेयी, उप जोनल मैनेजर एन.आर. बंजारा सहित राजफैड एवं पीएनबी के अधिकारी उपस्थित थे।

## आदिशक्ति फाउंडेशन द्वारा ज्योतिष ध्यान एवं पंचकर्म कार्यशाला 9 को

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राहत आदिशक्ति फाउंडेशन की ओर से 9 जुलाई शनिवार को शाम 4 से 6 बजे के बीच विश्व जागृति मिशन जयपुर मंडल संस्थापक परम् पूज्य संत श्री सुंधाशु जी महाराज सोमेश्वर महादेव मंदिर आदर्श नगर जयपुर मैं ज्योतिष ध्यान एवं पंचकर्म कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। राहत आदिशक्ति फाउंडेशन के फाउंडर एडवोकेट रुचि सेठी व संदीप पारीक ने बताया कि उक्त कार्यर् म का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है। मुख्य वक्ता पंडित कपिल हर्ष ज्योतिष एवं ग्रहों का आपस में संबंध, ग्रहों का जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव, बीमारियां एवं ज्योतिष समाधान के विषय में जानकारी देंगे। डॉक्टर मधु शर्मा द्वारा ध्यान व पंचकर्म कार्यशाला संचालित की जाएगी। ध्यान, पंचकर्म व शिरोधारा मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले व्यक्तियों में से लकी ड्रा के माध्यम से पंचकर्म शिरोधारा की सेवा निशुल्क दी जाएगी।

**आवासन आयुक्त ने की पौधारोपण कार्य समीक्षा :**

# आवासन मण्डल की योजनाओं को बनाएं हरा-भरा, इस वर्ष लगेंगे 50 हजार पेड़-पौधे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल अपनी विभिन्न आवासीय योजनाओं में इस वर्ष 50 हजार हरे-भरे पौधे लगाएगा। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने प्रदेश में विभिन्न आवासीय योजनाओं तथा निर्माणाधीन प्रोजेक्टों में सघन पौधारोपण करने के निर्देश मण्डल अभियन्ताओं को दिये हैं। उन्होंने कहा है कि मानसून को देखते हुए पार्कों, सडक के किनारों, सांस्थानिक क्षेत्रों सहित अन्य खाली चिन्हित स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। अरोडा मंगलवार को बोर्ड कक्ष में पौधरोपण प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाटिका, निवाई, बड़ली (जोधपुर), शिवबाडी (बीकानेर), मानपुर आबूरोड़, भींडर, खोढा गणेश (किशनगढ) सहित मण्डल की अन्य नवविकसित योजनाओं को भी हरा-भरा बनाया जाए। आवासन आयुक्त ने निर्देश



दिये कि प्रताप नगर में 8 हजार, मानसरोवर, इंदिरा गांधी नगर तथा इंदिरा गांधी नगर विस्तार में 5-5 हजार, निवाई तथा शिवबाडी में 3-3 हजार, उदयपुर में ढाई हजार, अलवर तथा भिवाडी में 2 हजार सहित धौलपुर, नायला, आबू रोड, नागौर, फलौदी, कुडी भगतासनी, बाडमेर आदि योजनाओं में कुल 50 हजार पौधे तथा लगभग 1 लाख शर्ब्स एवं लताएं (बोगनबेलिया, टीकोमा, चांदनी, लेंटाना, फायकस आदि) लगाए जाएं। अरोडा ने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सार-संभाल की व्यवस्था की जाए और इस काम में सामाजिक, स्वयंसेवी, शिक्षण संस्थाओं सहित आमजन का पूरा सहयोग लें।

### श्माय पार्क-सिटी पार्क की थीम पर होगा पौधारोपण

आवासन आयुक्त ने कहा कि मानसरोवर के सिटी पार्क में श्माय पार्क-सिटी पार्क्स की थीम पर आमजन के सहयोग से 5 हजार पौधे लगाए जाएंगे। पार्क में सजावटी पौधों के साथ विभिन्न किस्मों के छायादार, फलदार-फूलदार पेड-पौधे लगाए जाएं। आरएचबी ग्रीन एप के माध्यम से स्वयंसेवी संस्थाओं, पर्यावरण प्रेमियों, स्थानीय नागरिकों के सहयोग से यहां इस माह के अन्त में पौधारोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी। अरोडा ने कहा कि सेंट्रल पार्क से भी बडा यह पार्क 52 एकड़ में बन रहा है। इसमें 75 फीसदी ग्रीन एरिया है। यहां जॉगिंग ट्रेक, वॉकिंग ट्रेक, वाटर बॉडीज, बॉटनीकल गार्डन, एंट्रेंस प्लाजा, फूड कोर्ट, पार्किंग सहित कई सुविधाएं विकसित की जा रही है। वरिष्ठ उद्यानविद् दिलीप शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021-22 में 38 हजार पौधे लगाए गए। इसके साथ ही बोगनबेलिया, टीकोमा, लेंटाना, जेट्रोफा, कनेर, इनर्मी, सिसलपिनिया आदि प्रजातियों के 50 हजार फुलवारी के पौधों का भी रोपण किया गया है।

## युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के योग्य बनाएं-डॉ. मलिक

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता शासन सचिव डॉ. आरूषी मलिक ने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर बेहतर रोजगार के लिए योग्य बनाएं। डॉ. मलिक मंगलवार को यहां आरएसएलडीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आईटीआई की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं। शासन सचिव डॉ. मलिक ने आईटीआई में अधिकाधिक प्रवेश पर जोर देते हुए अधिकारियों से कहा कि वह यहां मिलने वाले उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, विशेष



सुविधाओं, विभिन्न रियायतों एवं रोजगार के अच्छे अवसरों का विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने राजकीय आईटीआई में उपलब्ध संसाधनों के अनुसार आरएसएलडीसी का ट्रेनिंग पार्टनर बनाकर लघु अवधि के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की संभावना पर चर्चा की और इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। शासन सचिव ने आगामी 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस पर जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में 'राज स्किल' प्रतियोगिता के विजेता, जिलों के ब्रांड एंबेसडर एवं मेरिटधारी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण एजेंसियों के साथ समन्वय कर आईटीआई के नए भवनों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। डॉ. मलिक ने आईटीआई संस्थाओं में आगामी 18 जुलाई को विशेष अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा कर प्रगति को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने उदयपुर जोन के विभिन्न आईटीआई में छात्राओं के लिए 'पिंक टॉयलेट्स' बनाने की पहल की सराहना की। बैठक में निदेशक (प्रशिक्षण) एके आनन्द, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जयपुर से मिलेगी वैष्णोदेवी के लिए रोडवेज की सीधी बस

**राजस्थान रोडवेज जयपुर से कटरा के आज से शुरू करेगा बस सर्विस**



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जम्मू, वैष्णो देवी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राजस्थान रोडवेज ने बस सर्विस शुरू करने का निर्णय किया है। 6 जुलाई से राजस्थान रोडवेज हर रोज एक बस कटरा के लिए चलाएगा। इस बस में एक यात्री को 1085 रुपए किराया देना पड़ेगा। ये बस वाया दिल्ली, लुधियाना होकर चलेगी। राजस्थान रोडवेज के अध्यक्ष और एमडी संदीप वर्मा ने बताया कि कोविड से पहले राजस्थान रोडवेज जम्मू के लिए बस का संचालन करता था। कोविड के बाद से इस सर्विस को रोक दिया था। अब यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर से इसे फिर से शुरू किया जाएगा। इस सर्विस के शुरू होने से जम्मू के अलावा पंजाब के जालन्धर, लुधियाना जाने वाले यात्रियों को भी सीधी बस सर्विस मिल सकेगी।

उन्होंने बताया कि ट्रेन में लम्बी वेटिंग और यात्रियों की मांग को देखते हुए इस बस सर्विस को शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बस का संचालन 6 जुलाई से शुरू होगा। हर रोज एक बस जयपुर से सुबह 6.17 बजे सिंधी कैंप बस स्टेण्ड से चलेगी, जो गुड़गांव, दिल्ली, करनाल, अंबाला, लुधियाना, जालन्धर, पठानकोट, जम्मू होते हुए अगले दिन सुबह 4 बजे कटरा पहुंचेगी। वहीं वापसी में ये बस कटरा से दोपहर 12.40 बजे चलेगी जो अगले दिन सुबह 10 बजे इसी रूट से जयपुर पहुंचेगी।

**आठ दिन रवि योग और सात दिन रहेंगे सर्वार्थसिद्धि योग**

# श्रावण 14 से, 19 दिन कार्य सिद्धि के विशेष योग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भगवान भोलेनाथ की आराधना का विशेष महीना सावन 14 जुलाई से शुरू होगा। अराधना का यह पवित्र महीना 12 अगस्त को रक्षाबंधन के साथ पूरा होगा। इस दौरान कई व्रत त्योहार के साथ 19 दिन विशेष योग-संयोग भी आएंगे। पंडितों की माने तो ये योग सभी के कार्य सिद्धि दायक रहेंगे। 8 दिन रवि योग और सात दिन सर्वार्थसिद्धि योग रहेगा। जबकि 25 जुलाई का दिन विशेष रहेगा। इस दिन सोम प्रदोष व्रत के साथ ही सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग भी रहेगा। सावन के महीने में महादेव को विशेष जल चढ़ाकर लोग आयु आरोग्य की कामना करते हैं। अनेक श्रद्धालु गंगोत्री, यमुनोत्री और हरिद्वार सहित अन्य तीर्थ स्थलों के जल की कावड़ लाकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। साथ ही आस्थावान श्रद्धालु भगवान का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और दुग्धाभिषेक भी करेंगे।


## समाज सेवी के सहयोग से 13 लाख रुपए की लागत से वक्फ बोर्ड में लगेगी लिफ्ट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान वक्फ बोर्ड मुख्यालय जयपुर में चल रहे लिफ्ट के कार्य मे जामिया हिदायत ट्रस्ट के चैयरमेन एवं पूर्व मेम्बर प्लानिंग कमीशन द्वारा 13 लाख रुपये की मदद वक्फ बोर्ड को की गई है। जिसका चैक मौलाना फजूल रहमान ने मुलाकात कर बोर्ड चैयरमेन डॉ खानु



खान बुधवाली जी एवं सीईओ सना सिद्दीकी जीए मौलाना सगीर को भेंट किया है। बोर्ड चैयरमेन खानु खान बुधवाली ने इसके लिए जामिया हिदायत ट्रस्ट का शुक्रिया अदा किया और कहा कि बोर्ड समाज सेवी और भामाशाह के सहयोग से वक्फ मिल्कियत के विकास के लिए प्रयासरत रहेगा।

## आचार्य श्रीसुनीलसागरजी महाराज का 10 जुलाई को मंगल प्रवेश






**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुनि संघ प्रबन्ध समिति के तत्वावधान में आचार्य श्रीसुनीलसागरजी महाराज के भव्य मंगल प्रवेश व चातुर्मास से सम्बंधित विषयों पर चर्चा के लिए आवश्यक बैठक तोतूका भवन भट्टारकजी नसियां में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता देवप्रकाश खण्डाका ने की, वहीं मुख्य अतिथि नरेश कुमार सेठी थे। सेठी ने अपने उद्बोधन में कई सुझाव भी चातुर्मास समिति को प्रस्तुत किये। सभा में मुनि संघ प्रबन्ध समिति के प्रचार मन्त्री रमेश गंगवाल ने बताया कि आचार्यश्री का 10 जुलाई को जयपुर में भव्य नगर प्रवेश होगा। वर्षायोग समिति के मुख्य संयोजक रुपेन्द्र छाबडा ने चातुर्मास प्रवास के लिए अब तक की गई तैयारियों से सभी को अवगत करवाया। उन्होने अपने उद्बोधन में जानकारी देते हुए बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण करने के लिए सकल समाज से इस कार्यक्रम को भव्यातिभव्य बनाने का आह्वान किया। जिसके लिए पृथक पृथक समितियां गठित कर उन्हे व्यवस्था से अवगत कराया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अन्य कोई भी महानुभाव जिस समिति से भी जुडना चाहे जुडकर अपनी सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। मुख्य समन्वयक राजीव जैन गाजियाबाद ने पांडाल आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अनिल जैन पूर्व आईपीएस, हेमन्त सौगाणी, कमल बाबू जैन, रमेश तिजारिया, सुरेन्द्र पाण्ड्या, सुनील बक्षी, सुधीर जैन दौसा वाले, रमेश जैन एडवोकेट, डा शीला जैन व अन्य गणमान्य श्रावकों ने भी विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये। अन्त में समिति के मन्त्री ओम प्रकाश काला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




**पुरोहितजी के कटले तक पहुंचा दमकल का पानी**

# 700 दुकान में आग का डर खत्म

### 6 किलोमीटर लंबाई की पाइपलाइन डालकर 6 बाजारों तक पहुंचाई सुरक्षा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जौहरी बाजार पुरोहितजी के कटले में व्यापारियों की फायर फाइटिंग सिस्टम लगाने की बरसों पुरानी मांग पूरी हो गई। कटले में अग्निकांड होने की दशा में आग बुझाने के लिए पानी सप्लाई की पाइपलाइन डालकर जगह-जगह हाईड्रेंट पंप लगाए गए हैं। कटले तक पानी की सप्लाई के लिए घाटगेट स्थित फायर स्टेशन के पंप हाउस से कटले के अंदर तक 6 किलोमीटर लंबी दो अलग-अलग पाइप लाइन डाली गई है। दोनों पाइप लाइनों में पानी की 24 घंटे सप्लाई चालू रहेगी। जिससे अग्निकांड होने की दशा में कटले तक दमकल के पहुंचने से पहले स्पीड से पानी पहुंच जाएगा। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत इस योजना पर करीब 5 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। योजना पर जनवरी 2022 से काम शुरू हुआ था।



### 3 छोटे गेट से हजारों की आवाजाही

त्रिपोलिया बाजार से जौहरी बाजार तक कटले में 700 दुकान-ऑफिस हैं। जिनमें करीब 5 हजार लोग काम करते हैं। त्योहारों व शादी के सीजन में यहां दिनभर में 20 हजार से अधिक लोगों की आवाजाही होती है। कटले में आवाजाही के लिए कोई आपात गेट नहीं है। त्रिपोलिया बाजार, चौपड़ के खंधे और जौहरी बाजार में बने छोटे गेट से ही आवाजाही है।

### पानी पहुंचाने के लिए वाटर टैंक में तीन पंप लगाए

घाटगेट फायर स्टेशन पर अंडर ग्राउंड 3 लाख लीटर क्षमता का पानी का टैंक बनाया गया है। वहां से कटले तक पानी पहुंचाने के लिए तीन पंप लगाए गए हैं। पहला पंप 24 घंटे चालू रहेगा। दूसरा स्टैंड बाई रहेगा। तीसरा जॉकी पंप अग्निकांड होने की दशा में स्पीड से पानी की सप्लाई को बूस्ट करेगा। कटले में 20-20 मीटर की दूरी पर हर गली और बिल्डिंग को कवर करते हुए 15 से ज्यादा स्थानों पर हाईड्रेंट लगाए गए हैं। कटले में घाटगेट फायर स्टेशन के स्टाफ की अलग से तैनाती की जाएगी।

### जौहरी बाजार व त्रिपोलिया बाजार को भी मिला लाभ

**पहली लाइन :** पानी सप्लाई के लिए घाटगेट फायर स्टेशन से लाइन को घाटगेट बाजार होते हुए, रामगंज चौपड़, रामगंज बाजार, बडी चौपड़ तक डाली गई है।


**दूसरी लाइन :** आगरा रोड, संजय बाजार, सांगानेरी गेट, नेहरू बाजार, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार में डाली गई है। इन बाजारों में पानी की लाइन पर जगह-जगह हाईड्रेंट लगाए गए है। जिससे इन बाजारों को भी पानी सप्लाई का लाभ दिया गया है।

## डोटासरा ने NIA चीफ को लिखा लेटर, बोले...

# कन्हैया मर्डर और कश्मीर में गिरफ्तार आतंकियों के बीजेपी नेताओं से कनेक्शन की जांच हो

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उदयपुर में कन्हैयालाल टेलर के तालिबानी मर्डर में शामिल एक आरोपी के बीजेपी नेताओं के साथ फोटो होने के मामले में सियासी आरोपों का दौर शुरू हो गया है। अब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एनआईए के डीजी दिनकर गुप्ता को लेटर लिखकर उदयपुर और जम्मू कश्मीर के मामले में गिरफ्तारी आंतकियों के बीजेपी नेताओं से संबंधों की जांच करने की मांग की है। डोटासरा ने लिखा है कि दोनों मामलों से देशवासियों में बेचैनी है कि कहीं सत्ता के लालच में भाजपा देश विरोधी गतिविधियों का समर्थन तो नहीं कर रही है। इस शक को दूर करने के लिए NIA को अपनी जांच का दायरा बढ़ाना चाहिए। NIA को इन दोनों घटनाओं की जांच कर इन आतंकवादियों से BJP के संबंधों की सच्चाई उजागर करनी चाहिए। डोटासरा ने लेटर में लिखा है कि उदयपुर मर्डर में शामिल मोहम्मद रियाज अत्तारी BJP का एक सक्रिय सदस्य था। वह लगातार भाजपा के कार्यक्रमों में शामिल होता रहा है। उदयपुर से भाजपा विधायक और वरिष्ठ नेता गुलाब चंद कटारिया के साथ भी इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं। जिस प्रकार की राजनीति देशभर में की जा रही है उसके कारण ये शक होना स्वभाविक है कि इस घटना का भारतीय जनता पार्टी से संबंध है। 4 जुलाई 2021 को जम्मू कश्मीर के रियासी में जम्मू पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो आतंकवादियों में से आतंकी तालिब हुसैन शाह भी भाजपा के जम्मू अल्पसंख्यक मोर्चे का सोशल मीडिया प्रभारी था। इस आतंकी के पास अत्याधुनिक राइफल, विस्फोटक सामग्री और अन्य हथियार भी बरामद हुए हैं।



### बीजेपी के नेता पॉलिटिकल टूरिस्ट बरकर करने उदयपुर जा रहे

डोटासरा ने बीजेपी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा है कि बीजेपी नेताओं का जनता से कोई सरोकार नहीं है। इनके बीच एक अंधी दौड़ चल रही है जिसमें इन्हें बस मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनना है इसलिए इनके अंदर कोई संवेदनाएं नहीं बची हैं। यही वजह है घटना के 7 दिन बीत जाने के बाद और हैदराबाद से मौज मस्ती काटकर वापस आने के बाद भाजपा के नेता कन्हैया लाल के घर जा रहे हैं। 28 जून को घटना हुई। राजस्थान भाजपा के नेता बताएं कि इस घटना के बाद वो सब कहां गायब थे। जब पूरा राजस्थान दुखी था, गम में था तब इनकी हैदराबाद के फाइव स्टार होटलों में जश्न मनाते हुए तस्वीरें सामने आ रही थीं। अब ये पॉलिटिकल टूरिस्ट बनकर उदयपुर जा रहे हैं और अनर्गल बातें कर रहे हैं।

### डोटासरा कर रहे ओछी राजनीति, पहले CMR रोजा-इफ्तार में आसिफ के फोटो की जांच कराएं-राठौड़

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के NIA डीजी को लैटर लिखकर उदयपुर में कन्हैयालाल तेली (टेलर) की हत्या करने वाले दोनों अपराधियों के आतंकवादी गतिविधियों में शामिल पाए जाने और मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से मोहम्मद रियाज अत्तारी को बीजेपी का एक्टिव मेम्बर बताए जाने पर सियासत गरमा गई है। बीजेपी के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने डोटासरा के लैटर को पोस्ट करते हुए ट्वीट में पलटवार किया है। राठौड़ ने कहा है-सोशल मीडिया में वायरल हो रही कूटरचित फोटो के आधार पर डोटासरा ओछी राजनीति कर रहे हैं। इससे पहले उन्हें मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में छबड़ा सांप्रदायिक हिंसा के मुख्य आरोपी आसिफ हसाड़ी के शरीक होने के वायरल हुए फोटो की जांच जरूर करानी चाहिए। राजेन्द्र राठौड़ ने कहा राजस्थान में बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था से ध्यान हटाने और कन्हैयालाल को सुरक्षा नहीं देने वाली दोषी कांग्रेस सरकार अपनी नाकामी पर पर्दा डालने के लिए लैटर लिखने (पत्राचार) का ढोंग रच रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उदयपुर मामले में पुलिस की गंभीर लापरवाही सबके सामने है।



## 30 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंचेगी बीजेपी-वसुंधरा

# ‘हर घर तिरंगा’ से 20 करोड़ लोगों को जोड़ेंगे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर/हैदराबाद।** राजस्थान की पूर्व सीएम और बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने कहा है कि भाजपा आजादी अमृत महोत्सव का आगाज करते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करेगी। देश को एक जुट करने के लिए देश का यह सबसे बड़ा आंदोलन होगा, जिसमें 20 करोड़ लोगों को जोड़ा जाएगा। सरकार की योजनाओं के30 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच बनाई जाएगी। वसुंधरा राजे हैदराबाद में आयोजित भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रही थीं।



राजे ने कहा कि आज दुनिया की आर्थिक विकास दर चरमराई हुई है।आज दुनिया की विकास दर 6 प्रतिशत है, जबकि भारत की विकास दर 8.7 प्रतिशत है। यह पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व का ही कमाल है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रवास कार्यक्रम पर ज़ोर देते हुए हर बूथ को मजबूत करने पर ज़ोर दिया गया। अंत्योदय के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी चर्चा हुई। प्रत्येक बूथ पर 200 सक्रिय कार्यकर्ताओं का वॉट्सऐप ग्रुप तैयार करने के लक्ष्य,मन की बात कार्यक्रम के सुचारु संचालन और पन्ना प्रमुख तैयार करने पर भी चर्चा हुई । इनकी समीक्षा प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री नियमित रूप से करेंगे।

राजे ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में दो प्रस्ताव हैं। राजनीतिक, अर्थव्यवस्था, गरीब कल्याण। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिस प्रदेश में राष्ट्रीय कार्यकारिणी होगी,वहां की स्थिति पर भी वक्तव्य जारी किया जाएगा। बैठक में लोकसभा, विधानसभा प्रवास और कोर कमेटी की नियमित बैठके करने पर भी ज़ोर दिया गया। जो सरकार की योजनाओं के 30 करोड़ लाभार्थी हैं,उन तक पार्टी की पहुंच बनाने पर भी चर्चा हुई।









# अपने में आध्यात्मिक चेतना का संचार जरूरी



एस.डी. मिश्रा
मुख्य संपादक
@jagrukjanta.net

अपने मन की सहायता से परम पुरुष तक पहुंचने में आप असमर्थ हैं। आपके मन को बार-बार निराश होकर वापस आना पड़ेगा, अगर वह उन तक पहुंचने की कोशिश करता है, क्योंकि वह आपकी कल्पना शक्ति की पहुंच से बाहर है। आप किसी भी सामान्य ज्ञान के माध्यम से उस तक नहीं पहुंच सकते। ब्रह्म की प्राप्ति मन से नहीं हो सकती और न ही वाणी से संभव है। ब्रह्म आनंद में स्थापना के साथ मन, बुद्धि, शब्द - सब खो जाते हैं, क्योंकि वह स्वयं एक ही सुख है- परम आनंद। अपनी चेतना की प्रफुल्लित शक्ति के माध्यम से व्यक्ति को उसमें स्थापित होना होता है। उनके पास पहुंचने के बाद, मन के न होने के कारण, छह शत्रु (काम, क्रोध, लोभ, मोह, अभिमान और ईर्ष्या) भी नहीं रह सकते। साधक तब सभी भयों से मुक्त हो जाता है।

सर्वोच्च चेतना अदृश्य है। कोई अपने अंगों के माध्यम से अत्यंत विशाल और अत्यंत सूक्ष्म चीज को नहीं समझ सकता है। उन्हें देखने या समझने के लिए वैज्ञानिक उपकरणों की मदद लेनी पड़ती है। इसी तरह सर्वोच्च चेतना दिखाई नहीं देती (हालांकि, वह अदृश्य नहीं है) अर्थात उसे देखने के लिए कष्ट उठाना पड़ता है। जैसे अणुओं और परमाणुओं को देखने के लिए बौद्धिक और वैज्ञानिक दृष्टि आवश्यक है, वैसे ही परम ब्रह्म को देखने के लिए आध्यात्मिक दृष्टि आवश्यक है। वह आध्यात्मिक ज्ञान से ही प्राप्त होता है। इसलिए उन्हें प्राप्त करने के लिए आपको उपवास करना होगा, जिसका अर्थ है पूजा। वह गहरा है। सतही भाव या विचार से आपके लिए उसे जानना असंभव है। उसे जानने के लिए तुम्हें गहरे भीतर जाना होगा- आत्मनिरीक्षण करना होगा। बाहरी दृष्टि नहीं चलेगी।जिसे आप अपनी बाहरी दृष्टि से एक साधारण व्यक्ति के रूप में देखते हैं, वह वास्तव में एक सचेत इकाई है, यदि आप उसे अपनी आंतरिक दृष्टि से देखते हैं। जिसे आप अपनी सतही दृष्टि से एक निर्जीव वस्तु के रूप में देखते हैं, वास्तव में वह कोई निर्जीव वस्तु नहीं है, बल्कि एक संवेदनशील इकाई है। इसलिए, मैं कहता हूं, उसे देखने के लिए, व्यक्ति को गहराई तक जाना पड़ता है। वह गहरा है - बहुत गहरा है और इस आंतरिकता के कारण ही वह सभी संस्थाओं में अपरिवर्तनीय रूप में रहता है। परम एकत्व की इस अवस्था में उन्हें देखने जाते समय, सतही वस्तुओं के सभी भेद हवा में उड़ जाते हैं। वास्तव में, आध्यात्मिक साधना का पहला और अंतिम शब्द एक ही रूप में अनेकों के संश्लेषण यानी सबको को एक रूप में देखना है। सबको अनेक रूप में देखना है, तो मामले पर जांच या शोध बाहरी रूप से किया जाता है। लेकिन विशेष रूप से अद्वितीय क्या है, इसकी जांच और समझ के लिए आत्मनिरीक्षण का सहारा लेने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। यह पुरुष सत्ता सभी वस्तुओं में अंतर्निहित और स्थायी है और इसलिए उसे देखने के लिए सूक्ष्म के सूक्ष्मतम और गहरे क्षेत्र की सबसे अधिक गहराई में खुद को स्थापित करना होगा। परमपुरुष सर्वोच्च ज्ञाता हैं। सर्वोच्च सत्ता हैं। वह सबके जानने के योग्य हैं। उन्हें जानने के लिए आपको अपने विचार को सूक्ष्म और सूक्ष्म बनाते हुए सीधे और सरल तरीके से आंतरिक क्षेत्र में जाना होगा। जब व्यक्ति को अंतर्ज्ञान प्राप्त हो जाता है, तो उसके सभी कष्ट और संकट दूर हो जाते हैं। तुम जानते हो क्यों? मन सुख और दुख का बोधक है, लेकिन ब्रह्म अतिमानसिक अवस्था से भी ऊपर है। उसे पाने के लिए आपको अपने मन की सीमा को पार करना होगा और इसके साथ ही आपको अपने विकृत मन के सभी सुखद और दुखदायी कबाड़ को पीछे छोड़ना होगा। वह प्राचीन है। वह समय के दायरे से परे है। उसके लिए स्थानिक, लौकिक और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का कोई मूल्य नहीं है, क्योंकि इनमें से प्रत्येक मन की एक विशेष अभिव्यक्ति है। आप अपने सांसारिक ज्ञान के माध्यम से या अपनी डिग्री और डिप्लोमा की मुहर के द्वारा उसे प्राप्त नहीं कर सकते, क्योंकि सभी सांसारिक ज्ञान, समय, स्थान और व्यक्ति के अधीन है।

अध्यात्मवाद में स्वतः स्फूर्त या आत्म-प्रकट होने के कारण, वह किसी दूसरी सांसारिक इकाई पर निर्भर नहीं है। उस ब्रह्म को प्राप्त करने के लिए, जो आध्यात्मिकता का सर्वोच्च लक्ष्य है, व्यक्ति को आध्यात्मिक बलिदान (साधना) का सहारा लेना पड़ता है। दूसरों की आंखों से नहीं- दूसरों के चश्मे से नहीं, आप उसे अपने भीतर अपनी आंखों से देखेंगे।

## सम्पादकीय

# इलाज बर्बरता का

कुछ ऐसी बर्बरताएं होती हैं, जिनकी निंदा में शब्द भी अपर्याप्त लगने लगते हैं, ऐसी ही बर्बरता उदयपुर में घटी है, जिसने देश को झकझोर कर रख दिया है। कन्हैयालाल का अपराध ऐसा नहीं था कि कानून उसे ऐसी कोई सजा देता। जो हाथ कन्हैयालाल को गैर-कानूनी सजा देने के लिए उठे, उनके बचाव के लिए कोई आधार नहीं है। धर्म, समाज, संस्कृति, संविधान इत्यादि किसी भी पैमाने पर कन्हैयालाल के साथ नाइंसाफी ही हुई है। संतोष की बात है कि आरोपी भाग नहीं पाए और पुलिस की गिरफ्त में हैं। किसी भी अदालत में उन्हें अधिकतम सजा से ही गुजरना पड़ेगा। राज्य सरकार ने भागते आरोपियों को पकड़ने वाले पांच पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करके बहुत अच्छा काम किया है। इनके पकड़े जाने से लोगों का रोष कुछ कम हुआ है। पूरी तेजी के साथ इनको सजा होनी चाहिए, वीडियो प्रमाण तो उन्होंने खुद ही उपलब्ध करा दिया है। कायरता कितनी भी बेशर्म हो जाए वीरता कदापि नहीं हो सकती। ऐसी मूर्खतापूर्ण कायरता से नहीं डरना चाहिए, केवल सतर्क रहते हुए ऐसे कुकृत्यों पर करारा प्रहार करना चाहिए, ताकि दूसरे तमाम लोगों के दिलो-दिमाग तक यह साफ आवाज पहुंचे कि कानून से खेलने का क्या अंजाम होता है? यह सांप्रदायिकता ही नहीं, बल्कि विक्षिप्त मानसिकता है, जो ऐसी हिंसा में यकीन रखती है। ऐसी ही हिंसा से आज अफगानिस्तान कराह रहा है। किसी भी समाज में हर आदमी सिपाही नहीं हो सकता, हर आदमी के हाथों में न्याय या धर्म का दंड नहीं थमाया जा सकता। जो भी लोग या संगठन ऐसे कट्टर आतंकी तैयार करने में प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका निभा रहे हैं, उन पर कड़ाई से शिकंजा कसना होगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस मामले में जिस सतर्कता का परिचय दिया है, वह गौर करने लायक है। उन्होंने कहा है कि उदयपुर की घटना कोई मामूली वारदात नहीं है। क्या साजिश थी, क्या वे किसी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय एजेंसी के संपर्क में हैं, इन तमाम बातों का खुलासा आने वाले दिनों में होगा। वाकई सुरक्षा एजेंसियों को पीछे पड़ जाना चाहिए। दोनों आरोपियों को किसने उकसाया? उन्हें लब्बैक या रसूलल्लाह का अर्द्धज्ञान किसने दिया? बार-बार कहा गया है, आधा ज्ञान जानलेवा होता है, अफजल और कसाब के लिए भी था और अब रियाज व मोहम्मद गौस के लिए भी है। राजस्थान में गठित एसआईटी को तह में जाकर नफरत की इस विषबेल की जड़ों में मट्ठा डालना चाहिए। राजस्थान में महीने भर के लिए निषेधाज्ञा लगा दी गई है, तो देश में दूसरे प्रांतों में भी सावधानी बरतनी चाहिए। भारत में तालिबानी न्याय सरासर नामंजूर है। सियासत करने वालों को सावधान हो जाना चाहिए। नफरत कभी भी एक दिशा में नहीं भागती, वह बार-बार रुख बदलती है और वार करती है। बड़े बुद्धिमानों के बीच विवाद शुरू हुआ था, पर दर्जी और मैकेनिकों के जान पर बन आई? बुद्धिमानों का क्या बिगड़ा? जो लोग हिंदू-मुस्लिम बहस को गरमा रहे थे, उनका क्या बिगड़ा? अपने धर्म की सेवा से कोई कानून नहीं रोकता, लेकिन कोई कानून यह नहीं कहता कि अपने धर्म के लिए किसी को रुला दो, किसी का खून बहा दो। जो लोग इस देश में गला रेतने का विधान चलाना चाहते हैं कि उनकी रूह तक डर पहुंचना चाहिए। यह तभी होगा, जब हत्यारों को उनके माकूल अंजाम पर पहुंचाया जाए।

**उदयपुर की घटना से साफ हो गया कि नफरत का जहर लोगों के दिल और दिमाग में इस कदर घुस चुका है कि अब मामूली सी लगने वाली बातों पर दंगे भड़क उठते हैं और लोग मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं।**

# झीलों की नगरी में नफरत का ज्वार



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**अगर कोई धर्म अपनी बुराई करने वालों को यूं ही मौत के घाट उतारता रहेगा, तो इस धरती पर न कोई इंसान बचेगा और न इंसानियत। बचेगी सिर्फ सांप्रदायिकता और हैवानियत। झीलों की नगरी में नफरत का ज्वार**

राजस्थान का सबसे खूबसूरत शहर उदयपुर। यूं तो उदयपुर अपनी खूबसूरत झीलों के लिए दुनिया भर में विख्यात है और इस खूबसूरती को देखने के लिए दुनिया के कोने-कोने से लोग आते हैं। लेकिन इधर उदयपुर दूसरे कारणों से सुर्खियों में है। पिछले हफ्ते दो धर्मांध लोगों ने उदयपुर में टेलरिंग की दुकान चलाने वाले एक शख्स कन्हैयालाल तेली की नृशंस तरीके से हत्या कर दी। ये लोग कपड़े सिलवाने के बहाने दुकान पर पहुंचे और तलवार से उनकी गर्दन काट दी। दोनों ने हत्या का वीडियो भी बनाया और इसे भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी का बदला बताया। हालांकि दोनों अभियुक्तों को भी पुलिस ने राजसमंद जिले के भीम से गिरफ्तार कर लिया, उनकी पहचान मोहम्मद रियाज और गौस मोहम्मद के रूप में हुई है।



राजस्थान पुलिस ने कन्हैयालाल की हत्या को आतंकी घटना मानते हुए गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया है। वैसे इस मामले की जांच अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी भी कर रही है। राजस्थान पुलिस का कहना है कि कन्हैयालाल की हत्या का आरोपी गौस मोहम्मद 2014 में कराची गया था। उसने दावत-ए-इस्लामी के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। राजस्थान के डीजीपी ने कहा कि हम सिर काटने की इस घटना को आतंकी कृत्य मान रहे हैं। राजस्थान पुलिस का कहना है कि कन्हैयालाल ने सोशल मीडिया पर पूर्व बीजेपी नेता नूपुर शर्मा का समर्थन किया था। नूपूर शर्मा पर पैगंबर मोहम्मद के अपमान का आरोप है और अनेक स्थानों पर पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

इस पूरे मामले को देखने से लगता है कि अब देश में नफरत और वैमनस्य की भावनाओं का ज्वार बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। नफरत का जहर लोगों के दिल और दिमाग में इस कदर घुस चुका है कि अब मामूली सी लगने वाली बातों पर दंगे भड़क उठते हैं और लोग मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं। सबसे तकलीफ की बात तो यह है कि सोशल मीडिया और न्यूज चैनल नफरत के इस माहौल को और भड़काने का काम कर रहे हैं। पैगंबर मोहम्मद साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के केस में सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि उन्होंने और उनके बयान ने पूरे देश में आग लगा दी है। जबकि टीवी चैनल और नूपुर शर्मा को ऐसे मामले से जुड़े किसी भी एजेंडे को बढ़ावा नहीं देना चाहिए, जो न्यायालय में विचाराधीन है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने ठीक ही कहा कि अगर किसी टीवी डिबेट में कोई एंकर ही आपत्तिजनक सवाल करे, तो एंकर के खिलाफ भी केस होना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि उदयपुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा का बयान ही जिम्मेदार है। पार्टी की प्रवक्ता क्या बन गई, आपको ताकत का गुरूर हो गया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि नूपुर शर्मा के माफी मांगने में और बयान वापस लेने में बहुत देर हो चुकी थी। दूसरी ओर जब नूपुर शर्मा के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्हें अपनी जान का खतरा है, तो इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें खतरा है या वह सुरक्षा के लिए खतरा बन गई हैं? उन्होंने जिस तरह से पूरे देश में भावनाओं को भड़काया है, देश में जो हो रहा है उसके लिए वह अकेले ही जिम्मेदार हैं।

सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी की रोशनी में नूपुर शर्मा के बयान के नेरेटिव को समझा जाना चाहिए। राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले लोग अच्छी तरह जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के नेता एक तय रणनीति के साथ सोशल मीडिया और टीवी डिबेट में भाग लेते हैं। भाजपा के बड़े नेता जानते हैं कि नूपुर शर्मा ने जिस तरह की बयानबाजी की, उससे उनके वोट बैंक में बढ़ोतरी होती है। और इसीलिए पार्टी ने अपनी वोट-बैंक राजनीति को ध्यान में रखते हुए शुरुआत में नूपुर शर्मा के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया। यही नहीं, इस तरह की बयानबाजी को प्रोत्साहन दिया जाता रहा। पार्टी जानती है कि जब इस तरह के बयानों की वजह से कुछ होता है तो इससे हिंदू-मुसलमान के बीच ध्रुवीकरण होता है जिससे पार्टी को राजनीतिक फायदा मिलता है। अपने राजनीतिक फायदे की वजह से पार्टी ने पहले तो अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर शर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन जब सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई अरब देश इस आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध करने लगे, तो पार्टी ने नूपुर शर्मा को प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया और एक अन्य नेता नवीन जिंदल को पार्टी से निष्कासित कर दिया। राजनीतिक फायदों के लिए देश के लोगों को आपस में लड़ाने का यह खेल उदयपुर जैसे साफ-सुथरे और शांतिप्रिय शहर के लोगों को आसानी से समझ में नहीं आएगा। उदयपुर एक घनी आबादी वाला शहर है, जहां हिंदू-मुस्लिम दोनों बड़ी संख्या में रहते हैं, और कई इलाके ऐसे हैं जहां उनके घर एक-दूसरे के अगल-बगल हैं। 2011 की जनगणना के हिसाब से राजस्थान की कुल आबादी लगभग 6.85 करोड़ है, जिसमें मुसलमानों की आबादी लगभग 9 फीसदी है और हिंदुओं की आबादी लगभग 89 फीसदी है। लेकिन कन्हैयालाल की हत्या के बाद से उदयपुर में बहुसंख्यक हिंदुओं और अल्पसंख्यक मुसलमानों के बीच तनाव स्पष्ट तौर पर नजर आ रहा है। लोगों के बीच साफ-साफ बंटवारा हो गया है, खतरनाक बात यह है कि बंटवारा धर्म के नाम पर है। स्पष्ट तौर पर लोग सांप्रदायिक तौर पर बंटे हुए नजर आ रहे हैं। यह हम सब लोगों के लिए निश्चित तौर पर चिंता का विषय है। सांप्रदायिकता का जहर हमारी नसों मे भी घुलता जा रहा है और आज हालात यह हो गए हैं कि हम किसी की जान लेने में नहीं हिचकिचाते। क्या कोई धर्म इतना बड़ा हो सकता है कि वो किसी की जान से ज्यादा हो जाए। अगर कोई धर्म अपनी बुराई करने वालों को यूं ही मौत के घाट उतारता रहेगा, तो इस धरती पर न कोई इंसान बचेगा और न इंसानियत। बचेगी सिर्फ सांप्रदायिकता और हैवानियत।

**(ये लेखक के अपने विचार है)**

## कविता

### तुम डटे रहो



तृप्ति जैन
छात्रा
@jagrukjanta.net

तुम अड़े रहो, तुम डटे रहो, अभी दूर तक जाना है...
सफर का आनन्द लेते-लेते तुम्हें मंजिल को पाना है।
माना तुम लगे हुए हो अपने अथक प्रयासों से
मगर कोई नहीं देखेगा तुम लड़े हो कितनी रातों से।
दुनिया बस वही देखेगी जो तुम्हें उनको दिखाना है।
मेहनत का ये दौर नहीं परिणामों का जमाना है।
असफल होकर बैठोगे जब तुम घर के कोने में.
कोई साथ नहीं आएगा, तुम्हारे अकेले होने में।
लेकिन जब सफलता तुम्हारे कदमों को चूमेगी।
ये दुनिया दीवानी की तरह तुम्हारे पीछे घूमेगी।
मत सोचो उनके बारे में जो तुम्हारे खिलाफ है।
तुम मस्त रहो उन लोगों मं जो सिर्फ तुम्हारे साथ है।
अब नहीं होगा कुछ, ये ख्याल मन में भी ना लाना।
अकेले यहां तक आये हो तो आगे भी जरूर जाना।
तुमने किया है तुम कर लोगे तुम सब कुछ कर सकते हो..
पंख फैला कर अपने तुम आकाश में उड़ सकते हो।
तो बस मन में दृढ़ निश्चय बनाकर आगे बढ़ते जाना है।
तुम्हे अपने नाम से स्वर्णिम इतिहास बनाना है।
*(लेखक जयपुर से है)*

### मै हिंसा, हिंसा नही विनाश हूं

एनके सिंह
शिक्षक, कवि
@jagrukjanta.net

मै हिंसा, हिंसा नही विनाश हूं पर मनुष्य को लगता है मै विकास हूं।
सांप्रदायिकता की आग को फैलाकर लाती मे सर्वनाश हूं।
मै हिंसा ,हिंसा नही बरबादी की शुरुवात हूं।
ईर्ष्या, द्वेष हे मेरे जनक मै मानवता को नष्ट करके लोगो को लड़वाने की एक बिसात हु।
मै हिंसा, हिंसा नही विनाश हूं।
कभी जात-पात में बांट देती, कभी कभी बना लेती राष्ट्रों को अपना शिकार हूं।
कभी धर्म से कभी कर्म से जीत जाती मै लोगो का विश्वास हूं।
मै हिंसा, हिंसा नही विनाश हूं।
प्रेम, भाईचारा और बंधुता हैं मेरे शत्रु में कर देती सत्य का नाश हूं।
जो काबू मे आये वो बन गए आतंकी जिनके सहारे फैलाती मैं अशांति का राज हूं।
मै हिंसा, हिंसा नही विनाश हूं।
रक्त मांगती, मौत मांगती और तलवारों से भेंट मांगती करवाती मैं घृणा आपस में,
जिसके मन में घर कर जाती उसी को करती मै सबसे पहले बर्बाद हूं।
मैं हिंसा, हिंसा नही विनाश हुं।

## ओपिनियन

# आर्थिक बदलावों में समसामयिक तेजी



सीपी अग्रवाल
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net

भारत जैसी विशाल अर्थव्यवस्था में बहुत तेज आर्थिक बदलावों का दिखना आश्चर्यजनक नहीं है। महंगाई की मार भी लगातार बनी हुई है, तो रुपये का मूल्य सार्वकालिक निचले स्तर पर है। हालांकि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि दुनिया की अन्य मुद्राओं की तुलना में अब भी रुपया बेहतर स्थिति में है। साथ ही, वह यह भी मान रही हैं कि हम कुछ ही हद तक बेहतर स्थिति में हैं। चूंकि हमने अपनी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से खोल दिया है, इसलिए वैश्विक अर्थव्यवस्था का असर यहां आए दिन होता है। भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल डी पात्रा कह तो रहे हैं कि आरबीआई रुपये में ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं होने देगा, लेकिन सच यह है कि इसके लिए सरकार को भी ठोस प्रयास करने पड़ेंगे। रुपया पहली बार 79 के पार पहुंचा है, तो यह कोई प्रशंसनीय बात नहीं है। इस गिरावट के बारे में समग्रता में सोचना चाहिए। शायद हमारी अर्थव्यवस्था बुनियादी रूप से मजबूत होती, तो रुपया यूं लगातार न गिरता। शेयर बाजार या अर्थव्यवस्था में अगर थोड़ा भी सुधार दिखता है, तो जल्दी ही कोई गिरावट मुंह चिढ़ाने लगती है। वित्त मंत्रालय को यह ध्यान रखना होगा कि जो भी आर्थिक सुधार हो रहे हैं, वे जनता के अनुरूप होने चाहिए। आज से देश में भुगतान संबंधी कुछ नियम बदल जाएंगे, ताकि लेन-देन या कर भुगतान में बेईमानी न हो। आधार-पैन को लिंक करने के लिए कड़ाई, क्रिप्टोकरेंसी पर टीडीएस, ऑनलाइन भुगतान के लिए टोकन व्यवस्था, उपहार पर 10 प्रतिशत टीडीएस की व्यवस्था शुरू हो गई। जीएसटी में भी कर वसूली का विस्तार किया गया है। अनेक जरूरी उत्पादों एवं सेवाओं पर कर लगाया या बढ़ाया गया है। सरकार का ध्यान कर वसूली पर है और होना भी चाहिए, पर जहां बेईमानों को दंडित किया जाना चाहिए, वहीं ईमानदारों को प्रोत्साहित करने की क्या व्यवस्था है? लोगों के बीच यह धारणा है कि सरकारों का झुकाव उद्योग जगत की ओर ज्यादा होता है और आम लोगों या नौकरीपेशा लोगों के प्रति अर्थव्यवस्था दशकों से अनुदार ही रही है। जहां से आसानी से वसूली संभव हो, वहां से कर वसूल लेने के प्रवृत्ति नई नहीं है। अर्थव्यवस्था में कुछ विरोधाभास भी हैं। जैसे, सरकार डेयरी उद्योग को कई तरह से बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है, मगर डेयरी मशीन पर जीएसटी को 12 से बढ़ाकर 18% कर दिया गया है। नीतियों में स्पष्टता से अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। अनेक ऐसे उत्पाद हैं, जिन पर जीएसटी अभी बढ़ाने की जरूरत नहीं थी, लेकिन सरकार की भी मजबूरी है, उसने तेल के मद में राजस्व से कुछ समझौता किया है, तो वह कहीं न कहीं से भरपाई करेगी। हर मोर्चे पर करों में कमी किसी सरकार के लिए संभव नहीं। फिर भी यह बार-बार दोहराए जाने की जरूरत है कि जनता की तकलीफ का ज्यादा ध्यान रखना चाहिए। सरकार उद्योग जगत को उदारता से साथ लेकर चल रही है, तो उसका फायदा देश को रोजगार व निवेश के रूप में होना चाहिए। यह भी देखना होगा कि काले धन का देश से पलायन बढ़ा है या घटा है। महंगाई अगर बढ़ रही है, तो क्या किसानों व मजदूरों तक उसका सीधा लाभ पहुंच रहा है? मिसाल के लिए, कई जगह टमाटर के दाम 60 रुपये बढ़कर 100 रुपये हो गए है, तो यह सुनिश्चित करना होगा कि अधिकतम लाभ टमाटर उत्पादकों तक पहुंचे।

# बुनकरी में झलक रहा बोडो संघर्ष



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

अक्सर हम असम को केवल बोडो समस्या के लिए याद करते हैं, लेकिन इसके इतर भी वहां बहुत कुछ है। असम के इन्हीं बोडोलैंड क्षेत्रों की महिला बोडो बुनकरों ने अपने हुनर से महिला सशक्तीकरण की नई इबारत लिखना शुरू कर दिया है। असम की इन आदिवासी महिलाओं को भी कुदरत ने पिछड़ेपन का अभिशाप देकर भेजा है। बावजूद इसके, इन बोडो महिलाओं ने बुनकरी की कला के जरिए अपने हाथों का हुनर दुनिया के सामने पेश किया है। खास बात यह भी है कि इनके बुने हुए कपड़े इनकी कार्य-कुशलता को खुद-ब-खुद बयां करते हैं। असम के चिरांग जिले के रौमेरी गांव की इन महिला बुनकरों के बनाए कपड़ों की पहचान सात समंदर पार तक है। इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आंट संस्था की ओर से संचालित की जा रही है आगोर डागरा अफाद यानी कि बोडो बुनकरों के हस्तनिर्मित कपड़े। ये केवल कपड़े नहीं हैं, बल्कि उन हजारों बोडो महिलाओं का जुनून है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। कपड़े बुनते महिलाओं के समूह पूरी दुनिया को स्वावलंबी बनने की सीख देते हुए भी नजर आते हैं। ऐसी सीख, जो कभी महात्मा गांधी ने दी थी। इन महिलाओं के द्वारा देसी तकनीक-तरीके से अपने कौशल से बुने धागों और उनसे बनी साड़ी सात समंदर पार की यात्रा कर गई है। इस साड़ी को पहनने वाली विदेशी मैम भी इन हुनरमंदों की तारीफ करते नहीं थकती। मजे की बात देखिए कि दुनियाभर की महिलाओं के लिए साड़ी बुन रही ये असमिया महिलाएं अपना तन पूरी तरह से नहीं ढंक पातीं। इन महिला बुनकरों के बनाए कपड़े आज अमेरिका, जर्मनी और दुबई में बड़ी मात्रा में बिक रहे हैं। महिलाओं द्वारा संचालित आगोर का सबसे बड़ा शोरूम बेंगलूरु में खोला गया है। असम में भी कई छोटे-छोटे स्टोर संचालित किए जा रहे हैं। इन महिलाओं को प्रशिक्षित कर रहे डॉ. सुनील कौल कहते हैं कि कच्चा माल बेंगलूरु से असम आता है और रंगाई तमिलनाडु में होती है। हालांकि अब असम में ही रंगाई शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

इन महिलाओं के द्वारा बनाई जा रही साड़ियों की डिजाइनों में ग्रामीण सभ्यता बेहद खूबसूरती से झांकती है। इनमें मोर, पत्तियां, कछुए की छाती, डाउराई और दिनखियां जैसी डिजाइनें सबसे ज्यादा पसंदीदा हैं। करीब तीन सौ से अधिक महिला बुनकरों के कपड़ों का यह कारोबार सालाना एक करोड़ तक पहुंच गया है। खास बात यह भी है कि करीब तीन मीटर का दुकना (साड़ी जैसा कपड़ा) पहनने वाली ये बुनकर अपने ठेठ और आदिवासी अंदाज को भूलती नहीं हैं। शायद यही कुछ ऐसा है, जो असमिया संघर्ष को आज भी एक आवाज दिए हुए है। ऐसी आवाज, जो कभी दिल्ली तक ठीक ढंग से नहीं पहुंची। वीवर कमेटी एवं आगोर ट्रस्ट इन महिला बुनकरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। जिस मशीन पर कपड़ा बुना जाता है, वह मशीन और कच्चा माल इन महिलाओं को संस्था उपलब्ध कराती है। असल में अभावों में जीने वाली इन महिलाओं को अपने बूते जीवन जीने की सीख दी जा रही है। साथ ही इनकी अस्मिता की रक्षा करते हुए स्वाभिमान बचाए रखने का बीड़ा भी आंट ने उठाया है। संस्था का संचालन सेना से सेवानिवृत्त डॉ. सुनील कौल कर रहे हैं। उनकी मेहनत इन महिलाओं को जीने की नई राह दिखा रही है। हालांकि इन महिलाओं में से कई के चेहरों पर कोई भाव नहीं होता। ऐसा लगता है कि जिंदगी की कशमकश में उन्होंने खुद को पहचानना और यहां तक कि सजना-संवरना भी छोड़ दिया है। इन महिलाओं के समुचित विकास की दिशा में काम कर रहे डॉ. सुनील पर झोलाछाप डॉक्टरों व नीम-हकीमों को बढ़ावा देने के आरोप भी लगते रहे हैं। इस बारे में उनका कहना है कि यहां पर कोई एमबीबीएस टिकना ही नहीं चाहता, इसलिए मैं ऐसे लोगों को मरीजों की जांच करने तथा दवाई लिखने का तरीका सिखाता हूं। इससे इमरजेंसी में स्थिति को संभालने में मदद मिल जाती है। वे कहते हैं कि स्वास्थ्य के लिहाज से बोडोलैंड क्षेत्रों में हालात भयानक हैं, जिन्हें संभालने के लिए सामूहिक प्रयासों की दरकार है। इन महिला बुनकरों को अपने रोजमर्रा के काम जैसे पानी लाना, सब्जी लाना आदि के लिए करीब दो किमी पैदल जाना पड़ता था, जिसमें काफी समय जाया होता था। इसके लिए संस्था ने महिलाओं को लोन पर साइकिल उपलब्ध कराना शुरू किया। इसके बाद इन महिलाओं ने आपसी समझ से खुद का साइकिल बैंक बना लिया।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



9. जप, होम, दान के समय हाथ में द्रव्य अथवा कुशा लेकर ही करना चाहिए। हाथ सूना न रखें। 10. जप संख्या हाथ की अंगुलियों के पोरवे, अक्षत्, धान्य, पुष्प, चंदन अथवा मृतिका से कभी नहीं करनी चाहिए। 11. स्तोत्र का मानसिक पाठ न करें। मुख से उच्चारण कर समधुर कंठ से पाठ करना उत्तम है। 12. जप काल में आलस्य, जम्हाई, निद्रा, छींकना, थूकना, भय, गुप्तांगों का स्पर्श, पांव फैलाकर बैठना, दूसरों से बात करना, मिथ्या बोलना, क्रोध करना इनका परित्याग करना चाहिए। जप की सफलता के लिए एकाग्रता, विश्वास, श्रद्धा, निष्ठा एवं धैर्य आवश्यक है। 13. बिना गुरु द्वारा दीक्षित मंत्र का यथेष्ठ लाभ नहीं मिलता। निष्काम भाव और पवित्र अंतःकरण से भगवान के नाम का जप किसी भी प्रकार किया जाए श्रेयस्कर है। 14. मंत्र जाप में श्रद्धा विश्वास, विधि विधान और संयम नियम का पालन आवश्यक है। 15. मंत्राधिकार के विषय में कहा गया है-जो जितेन्द्रिय, बुद्धिमान, शांत, अक्रोधी, सत्यवादी, निर्लोभी, कपट, अहंकार और अभिमान से रहित, दयायुक्त, पर स्त्री त्यागी और गुरु भक्त हो, वही मंत्र लेने योग्य शिष्य होता है। 16. मंत्र जप के पहले संकल्प, न्यास, ध्यान आदि करना चाहिए। अंत में आसन के नीचे जल छोड़कर मृतिका सहित उस जल को मस्तक से लगाएं और शक्राय नमः करना चाहिए। सिद्धि के लिए आवश्यक है मंत्र गुरु द्वारा दिया गया हो। अतः गुरु से विधिवत दीक्षा लेकर मंत्र जप करना चाहिए। 17. अलग-अलग मनोकामनाओं और देवताओं के मंत्र जप के लिए कई प्रकार की मालाओं का विधान है,

**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद डॉटर



लविना डॉटर ज्योति मुलानी, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# 43 के घर रणथंभौर में 80 बाघ मौजूद



## 15 बाघ टैरिटरी से बाहर, 24 शावक जवान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रणथंभौर का नाम आते ही जहन में बाघों की दहाड़ और घने जंगल की छवि बन जाती है। हो भी क्यों नहीं, क्योंकि बाघों का सबसे बड़ा घर यही है। यहां 43 बाघ आसानी से रह सकते हैं, लेकिन वर्तमान में यहां 80 से ज्यादा बाघ विचरण कर रहे हैं। बीते दो साल में बाघों की संख्या 63 से बढ़कर 80 हो गई है। इनमें 25 बाघ, 31 बाघिन और 24 शावक हैं। बाघों को बचाने के लिए किए गए हमारे अथक प्रयास की यह सुखद तस्वीर है, लेकिन बाघों की बढ़ती संख्या के बीच कम होती जगह से बाघ और इंसान दोनों के लिए खतरा पैदा हो गया है।

रणथंभौर में सिर्फ 43 बाघों के लिए जगह है लेकिन यहां क्षमता से दोगुने बाघ हैं। टैरिटरी न मिलने से 15 बाघ जंगल छोड़कर गांवों में घूम रहे हैं। वहीं, 24 जवान होते शावकों को भी अब अपनी टैरिटरी चाहिए। इसलिए या तो बाघ आपस में लड़कर मरेंगे या रिजर्व की सीमा से लगते गांवों में घुसकर लोगों को मारेंगे। इस खतरे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 4 साल में शावकों का सर्वाइवल रेट 30% तक कम हो गया है। अब रणथंभौर में हर 10 में से 7 शावक ही बच रहे हैं, जबकि 2018 में सभी बचने में कामयाब रहे। रणथंभौर 6 राज्यों में इसके समकक्ष के 20 से ज्यादा टाइगर रिजर्व में सर्वाधिक टाइगर डेनसिटी केरिंग केपेसिटी वाला रिजर्व है। 2021 में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथोरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार, यहां हर 100 वर्गकिमी में 10 से ज्यादा बाघ हैं। 2018 में यह आंकड़ा 9.60 था। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र का ताड़ोबा टाइगर रिजर्व हैं, जहां इतने ही क्षेत्र में 7 बाघ हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र के अलावा एमपी, झारखंड़, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ के दूसरे पतझड़ वाले जंगलों में यह घनत्व 5 के आसपास है, जो आदर्श माना जाता है। बाघ विशेषज्ञों के मुताबिक यह अलार्मिंग स्थिति है। केयरिंग कैपेसिटी से ज्यादा बाघ होने का मतलब अब जंगल के भीतर और बाहर संघर्ष की स्थिति एकाएक तेज होगी। भारतीय वन्यजीव संस्थान भी 2014 की रिपोर्ट में कह चुका है कि रणथंभौर अपनी 'टाइगर केरिंग केपेसिटी' के बराबर पहुंच चुका है। यहां 43 से अधिक बाघ हुए तो संघर्ष की स्थिति बनेगी। यह बाघ और इंसान दोनों के लिए खतरनाक है।

### आंकड़े डराते हैं : आपसी संघर्ष में 6 ने गंवाई जान

| साल | वयस्क | शावक | बचे | मौत/लापता | सर्वाइवल रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| 2018 | 46 | 4 | 4 | 0 | 100% |
| 2019 | 50 | 10 | 7 | 3 | 70% |
| 2020 | 44 | 11 | 10 | 1 | 91% |
| 2021 | 50 | 21 | 14 | 7 | 67% |
| 2022 | 56 | 11 | 8 | 3 | 72% |

- 2021 से सर्वाधिक 26 शावक जन्मे, 10 मारे गए
- 5 साल में सर्वाइवल रेट 100% से गिरकर 72%
- 2021 से अब तक सर्वाधिक 26 शावक जन्मे, लेकिन सर्वाधिक 10 की मौत। मई-जून 2022 में 7 जन्मे, लेकिन 5 ही बचे हैं।
- बाघ टी-85, टी-109 व बाघिन टी-60, टी-102 व टी-69 के शावक व टी-34 आपसी संघर्ष व वर्चस्व की जंग में मारे जा चुके हैं।

### इंसान को खतरा...

**7 साल में 8 की मौत**

| साल | मौतें | घायल |
|---|---|---|
| 2015-16 | 1 | 4 |
| 2016-17 | 0 | 9 |
| 2017-18 | 1 | 17 |
| 2018-19 | 2 | 10 |
| 2019-20 | 2 | 7 |
| 2020-21 | 1 | 1 |
| 2021-22 | 1 | 0 |
| | कुल 8 | 48 |

### जो बाघ संघर्ष या शिकार में मारे गए, उन्हें गायब दिखाया

- **खतरा :** 9 बाघ टैरिटरी न मिलने से इधर-उधर घूम रहे। ये सभी 2-3 साल के हैं। 5 बाघिनों की भी यही स्थिति। बाघ टी-128, 129, 130, 131, 132, 136, 137, 139, 112 और बाघिन टी-127, 133, 134, 135 और 138 को टेरिटरी नहीं मिल रही।
- **संघर्ष :** 15 बाघ जंगल से खदेड़े जा रहे हैं। ये खतरे की घंटी बनकर बाहर गांव-खेतों की सीमा पर घूम रहे हैं। इनमें टी-3, 13, 38, 119, 108, 125, 135, 136, 137, 131, 79, 110, 89 हैं।

### बाघों और बाघों के बीच संघर्ष पिछले 8 साल में

- टी-84 व टी-125 टेरिटोरियल फाइट
- टी-84 व टी-124 टी-124 घायल
- टी-3 व टी-96 टी-3 घायल
- टी-86 व टी-120 टी-120 घायल
- टी-112 व टी-113 टेरिटोरियल फाइट
- टी-84 व टी-124 टेरिटोरियल फाइट
- टी-84 व टी-124 टी-124 घायल
- टी-124 व टी-125 टी-124 घायल
- टी-123 व टी-96 टी-123 घायल
- टी-19 व टी-124 टी-19 घायल
- टी-129 व टी-10 -
- टी-193 व टी-126 -
- टी-84 व टी-105 -
- टी-41 घायल
- टी-84 व टी-120 टेरिटोरियल फाइट

*बाघिन टी-124 रिद्धि अपने वर्चस्व को लेकर सबसे अधिक संघर्ष करती है। इसे सरिस्का शिफ्ट करने को केंद्र मंजूरी तक दे चुका है।*

**रणथंभौर : 1700 वर्ग किमी, 80 बाघ**
रणथंभौर नेशनल पार्क और सवाई माधोपुर अभयारण्य के 600 वर्गकिमी में है। बाकी करौली के 765 वर्गकिमी में 4 बाघ घूम रहे हैं।

**सरिस्का : 1213 वर्ग किमी, 24 बाघ**
अलवर में 1213 वर्ग किमी में 881 वमी. का कोर है। टाइगर 24 हैं। 6रणथंभौर से रिद्धि को सरिस्का भेजने की मंजूरी लेकर भी धरी रह गई।

**मुकंदरा : 759 वर्ग किमी, 1 बाघ**
कुल एरिया 759 वर्ग किमी है। इसमें से 417 कोर और 343 वर्ग किमी का बफर है। कई साल से 1 ही बाघ है।

**रामगढ़ विषधारी : 1501 वर्ग किमी, 1 टाइगर**
कुल एरिया 1501 वर्ग किमी। इसमें 481 कोर व 1020 बफर एरिया है। इतने के बावजूद सिर्फ 1 टाइगर है।

# रामगढ़ टाइगर रिजर्व : डिविजन कोर क्षेत्र में होंगी 6 रेंज, जल्द आएगी बाघिन 'रानी'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बूंदी।** रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के विकास और प्रबंधन के लिए प्रशासनिक व्यवस्था करने के आदेश जारी करते हुए 125 पद सृजित किए गए हैं, साथ ही क्षेत्र के हस्तांतरण आदेश भी जारी किए हैं। 36 साल बाद रामगढ़ टाइगर रिजर्व का अलग डिविजन बना है। यह इस बात का संकेत भी है कि रामगढ़ में रानी (बाघिन) लाने के लिए काम तेजी से चल रहा है। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन अरिंदम तोमर ने आरटीआर डीसीएफ संजीव शर्मा को बूंदी के रामगढ़ टाइगर रिजर्व कोर के डीसीएफ का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। बफर एरिया का चार्ज बूंदी डीसीएफ सोनल जोरिहार के पास रहेगा। मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में डीसीएफ के दो पद स्वीकृत हैं। इनमें एक पद 10 साल से खाली पड़ा था। खाली डीसीएफ पद को मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व से हटाकर आरवीटीआर में कर दिया गया है। इसका मुख्यालय बूंदी रहेगा। आरवीटीआर का प्रशासनिक नियंत्रण मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के सीसीएफ के अधीन रहेगा। इसी तरह आरवीटीआर में दो एसीएफ होंगे।

### रानी नहीं आई तो लौट सकता है राजा

**रामगढ़** टाइगर रिजर्व को अब बस रानी का इंतजार है। एनक्लोजर तैयार हो चुका है। इसमें पहले प्रे-बेस लाकर छोड़े जाने हैं। इसके बाद एनक्लोजर में टाइग्रेस को छोड़ा जाना है। यह भी उल्लेखनीय है कि 22 महीने से ज्यादा समय से रामगढ़ टाइगर रिजर्व में रणथंभौर से आया टी-115 टाइगर घूम रहा है। टाइगर अब जवान हो गया है, अगर जल्द टाइग्रेस नहीं छोड़ी गई तो उसके रणथंभौर लौटने की संभावना बढ़ जाएगी।

# गार्गी पुरस्कार लेने के प्रति बेटियां उदासीन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**2.04 लाख में से महज 52 हजार ने ही किया आवेदन, अब 31 जुलाई तक किया जा सकता है आवेदन**

**जयपुर।** गार्गी पुरस्कार और बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए छात्राएं इस बार रूचि नहीं दिखा रही है। अब तक 2.04 लाख छात्राओं में से महज 52 हजार छात्राओं ने ही आवेदन किया है। आवेदन की कम संख्या को देखते हुए बालिका शिक्षा फाउंडेशन ने एक बार फिर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई है। अब 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून थी। इस बार 10वीं व 12वीं में 90 फीसदी या अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को यह पुरस्कार दिए जा रहे हैं। गार्गी पुरस्कार की प्रथम किस्त 80 हजार बालिकाओं को दी जानी है। इनमें से महज 11 हजार ने आवेदन किया है। बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार 70 हजार बालिकाओं को मिलना है। इनमें से केवल 12 हजार ने आवेदन किया है। इसके अलावा गार्गी पुरस्कार की दूसरी किस्त 54 हजार बालिकाओं को दी जानी है। इनके लिए मार्च से आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इसके बावजूद 54 हजार में से केवल 29 हजार बालिकाओं ने ही आवेदन किया है।

# पासपोर्ट ऑफिस की तर्ज पर टाइम स्लॉट से होगी जमीन व मकान की रजिस्ट्री

**उदयपुर, अजमेर और जोधपुर में ट्रायल सफल, जयपुर में पंजीयन विभाग में व्यवस्था लागू होगी**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पासपोर्ट ऑफिस की तर्ज पर अब जयपुर में जमीन, मकान या फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के लिए भी टाइम स्लॉट प्रणाली लागू की जाएगी। यह व्यवस्था तीनों डीआईजी स्टाम्प के उप पंजीयन कार्यालयों में लागू होगी। फिलहाल, यह प्रयोग 2 महीने के लिए होगा। अजमेर, उदयपुर और जोधपुर में इस व्यवस्था को दो महीने पहले लागू किया गया था। वहां सफल होने के बाद इसे यहां लागू किया गया है। नई व्यवस्था में लोगों अब तीन दिन पहले ही रजिस्ट्री कराने के लिए टाइम दे दिया जाएगा। होगा। गौरतलब है कि जयपुर में 3 डीआईजी स्टांप बैठते हैं। प्रदेश की कुल रजिस्ट्रियों में से अकेले जयपुर में 40 प्रतिशत रजिस्ट्री होती है। रजिस्ट्री कराने से पहले संबंधित रजिस्ट्रार के लिए पंजीयन और मुद्रांक की साइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर टाइम स्लॉट सुबह 9:30 से शाम 5 बजे के बीच 17 मिनट का समय दिया जाएगा।

- टाइम स्लॉट में नहीं पहुंचे तो दोबारा आवेदन करना होगा।
- एक सब रजिस्ट्रार ऑफिस में 1 दिन में 70 रजिस्ट्री ही होगी।
- दस्तावेजों के स्कैन का दबाव कम होने से सर्वर डाउन से राहत।
- पूरे प्रदेश की कुल रजिस्ट्री का 40 फीसदी रजिस्ट्री जयपुर में।

### 1 सब रजिस्ट्रार के यहां 1 दिन में 70 दस्तावेज पंजीकृत

टाइम स्लॉट प्रणाली के बाद 1 सब रजिस्ट्रार ऑफिस में 1 दिन में 70 दस्तावेज ही पंजीकृत होंगे। उप पंजीयन कार्यालय में दस्तावेजों की रजिस्ट्री के लिए तीन दिन पहले टाइम स्लॉट बुक करवाना होगा। प्रदेश में होने वाली कुल रजिस्ट्रियों में से 40 प्रतिशत रजिस्ट्रियां अकेले जयपुर में होती हैं। शहर के 13 सब रजिस्ट्रार ऑफिसों में रजिस्ट्रियों के दबाव के चलते अक्सर सर्वर काफी धीरे चलता है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद सर्वर बार-बार डाउन होने की समस्या से निजात मिलेगी और काम में तेजी आएगी।

**पासपोर्ट** ऑफिस की तरह रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगों को नियत समय पर सुविधा के अनुसार समय मिलेगा। अजमेर, उदयपुर, जोधपुर में ट्रायल में अच्छे रिजल्ट आए। यहां सब ठीक रहा को प्रदेश में लागू करेंगे।
**-शरद मेहरा,** आईजी, पंजीयन व मुद्रांक विभाग, राजस्थान

# खराब मौसम के चलते रोकी गई अमरनाथ यात्रा, 65 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**हरिद्वार @ जागरूक जनता।** अमरनाथ यात्रा को खराब मौसम के चलते अस्थाई तौर पर रोक दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम और बालटाल दोनों तरफ से पवित्र गुफा की ओर यात्रियों का आवागमन फिलहाल रोक दिया गया है। बताया जाता है कि बारिश और मौसम प्रतिकूल रहने के चलते यह फैसला लिया गया है। जैसे ही मौसम में सुधार होगा यात्रा फिर से शुरू हो जाएगी। वहीं अधिकारियों ने बताया कि अब तक करीब 65 हजार श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं। इससे पहले सोमवार को 7,200 से अधिक श्रद्धालुओं का छठा जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए जम्मू से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच 332 वाहनों के काफिले में कुल 7,282 श्रद्धालु भगवती नगर यात्री निवास से रवाना हुए।

ANCHOR | उदयपुर हत्याकांड के बाद पर्यटन आँधे मुंह

# पर्यटकों ने फेरा मुंह, होटलों की 50% बुकिंग कैंसिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड के बाद पूरा देश सहमा हुआ है। उदयपुर में दुकानदार दुकाने बंद किये हुए हैं। लोग बाजार में जाने से कतरा रहे हैं। राजस्थान की टूरिस्ट नगरी कहा जाने वाला उदयपुर आज सहमा हुआ है। इस हत्याकांड से उदयपुर के दामन में कभी न छुटने वाला दाग लग चुका है। इस दाग की वजह से उदयपुर के पर्यटन को भारी नुकसान हुआ है।

उदयपुर पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों का दावा है कि कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के कारण पर्यटन उद्योग को झटका लगा है। घटना के कारण उदयपुर आने वाले पर्यटकों ने अगले दो महीनों के लिये होटलों में आधे से अधिक बुकिंग रद्द कर दी है। शहर में ज्यादातर लोगों के लिये पर्यटन ही उनके दाल-रोटी की जुगाड़ है। अब इसके बाद लोगों को अपनी आजीविका पर एक बड़ा संकट नजर आ रहा है। इस घटना से बड़े पैमाने पर शहर की छवि को झटका लगा है और सितंबर से शुरू होने वाले पर्यटन सीजन पर गलत प्रभाव पड़ेगा। उदयपुर के होटल एसोशिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह ने बताया कि, ''इस घटना के बाद लोगों ने बुकिंग कैंसिल करना शुरू कर दियाहै। जुलाई और अगस्त माह में मानसून के मौसम के दौरान वीकेंड के लिये मेरे पास अच्छी संख्या में पर्यटक आने वाले थे लेकिन घटना के बाद अगले दो महीनों के लिये पचास प्रतिशत से अधिक बुकिंग पिछले पांच-छह दिनों में कैंसिल की जा चुकी हैं।'' उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कारण पर्यटन उद्योग पहले से ठंडा था और इस साल अच्छे कारोबार की उम्मीद थी लेकिन इस घटना ने उदयपुर की छवि को बुरी तरह प्रभावित किया है।

वहीं जयपुर में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के सचिव संजय कौशक ने कहा, ''उदयपुर एक बहुत ही शांतिपूर्ण शहर रहा है और ऐसा कोई अपराध आज तक नहीं हुआ। यह न केवल उदयपुर बल्कि पूरे राजस्थान जहां पर्यटन के लिये एक झटका है।'' उन्होंने कहा, ''उदयपुर आने वाले कई टूरिस्टों ने घटना को देखते हुए अपनी बुकिंग को कैंसिल कर दिया है। उदयपुर आकर्षक स्थानों के अलावा शांतिपूर्ण वातावरण के कारण पर्यटकों का आकर्षण का केन्द्र था लेकिन इस घटना से नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।''

# पंचांग





ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 06/07/2022**

**सूर्योदय :** 05:30 **सूर्यास्त :** 19:25 **चन्द्रोदय :** 11:43 **चन्द्रास्त :** 24:05 **शक सम्वत :** 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना :** आषाढ़ा **पूर्णिमांत :** आषाढ़ा **सूर्य राशि :** मिथुन **चन्द्र राशि :** कन्या **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** सप्तमी, 19:43 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1944 शुभकृत **चन्द्रमास आषाढ़ :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत :** 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु :** वर्षा **द्रिक अयन :** दक्षिणायन

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** उत्तर फाल्गुनी, 11:35 तक
**योग :** वरीघा, 11:32 तक
**प्रथम करण :** गारा, 07:42 तक
**द्वितिय करण :** वणिजा, 19:43 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:08 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:28 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:45 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:09 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:23 पी एम से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 11:44 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:06 ए एम, |
| रवि योग | 11:25 ए एम से |

**निवास और शूल**
दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : दक्षिण
कुंभ चक्रः दक्षिण

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:29 - 07:13 | उद्वेग : 07:24 - 08:40 |
| अमृत | : 07:13 - 08:58 | शुभ : 08:40 - 09:55 |
| काल काल वेला | : 08:58 - 10:42 | अमृत : 09:55 - 11:11 |
| शुभ | : 10:42 - 12:27 | चर : 11:11 - 12:27 |
| रोग वार वेला | : 12:27 - 02:11 | रोग : 12:27 - 01:42 |
| उद्वेग | : 02:11 - 03:55 | काल : 01:42 - 02:58 |
| चर | : 03:55 - 05:40 | लाभ : 02:58 - 04:14 |
| लाभ | : 05:40 - 07:24 | उद्वेग : 04:14 - 05:30 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज सप्तमी

**आज कौन सा कार्य करें**

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण नहीं देना चाहिए।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

आषाढ़, शुक्ल, सप्तमी, 2079 बुधवार, 6 जुलाई -12 जुलाई, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
अन्य लोगो के सहयोग की आवश्यकता अधिक पड़ेगी इसलिए व्यर्थ की बयान बाजी से बचें। धन लाभ के लिये प्रयास में कमी नही करेंगे फिर भी आशानुकूल नही हो पायेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
आप इसको लेकर ज्यादा भाग दौड़ के पक्ष में भी नही रहेंगे। नौकरी पेशा लोग अधिक कार्य भार के कारण परेशान होंगे। व्यवसायी वर्ग किसी महत्तवपूर्ण कार्य को लेकर संतोष में रहेंगे।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
अन्य व्यवसायी को मिलने वाला अनुबंध आपको मिल सकता है। माता पिता से स्नेह संबंध रहेंगे। पति पत्नी के बीच अहम को लेकर खींचतान होगी संताने भी पिता का पक्ष लेंगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
लेखन अथवा अध्यापन से जुड़े लोग कई दिन की मेहनत का फल कम मिलने से उदास होंगे। आकस्मिक यात्रा के प्रसंग बनेंगे खर्च भी होगा लेकिन इसके बाद भी मन संतुष्ट ही रहेगा।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
जिसे अपना शत्रु मानेंगे वही किसी न किसी रूप में धन लाभ कराएगा। थोड़ी भागदौड़ करने पर धन लाभ भी होगा पैतृक संपत्ति को लेकर किसी से ना उलझे मान भंग हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
व्यवसायी वर्ग को धन लाभ तो होगा लेकिन हानि की भरपाई नही कर सकेंगे। घर मे महिला वर्ग आर्थिक उलझन सुलझाने में मदद कर सकती है। लेकिन चार बाते सुनाने के बाद ही। सेहत ठीक रहेगी।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
नौकरी अथवा व्यवसायी वर्ग दोनो ही बुद्धि बल से आवश्यकता अनुसार धन की आमद कर लेंगे लेकिन तुरंत खर्च भी हो जाएगा छोटे भाई बहन से पैतृक मामलों या चुगली के कारण कहा सुनी हो सकती है।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
भाई बंधुओ का सुख भी अन्य दिनों की अपेक्षा ठीक रहेगा लेकिन मन मे स्वार्थ सिद्धि की भावना भी रहेगी। सरकारी कार्यो को आज टालने का प्रयास करें भागदौड़ एवं खर्च के बाद भी परिणाम निराश करेंगे।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
आध्यात्मिक कार्यो में लगाव रहेगा लेकिन उलझनों के कारण समय नही दे सकेंगे। जमीन संबंधित अथवा अन्य अचल संपत्ति के कार्यो से जुड़े लोगों को प्रयास करने पर अनुकूल परिणाम मिल सकते है।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
किसी के द्वारा वादा खिलाफी का आरोप भी लगाया जा सकता है सामर्थ्य अनुसार किसी याचक को कुछ न कुछ अवश्य देंगे। इस सप्ताह किसी बड़े धन का लेन देन नहीं करें।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
शुभ समाचार मिलेगा। अटके कार्यो में अनुभवी का सहयोग मिलेगा। भाग दौड़ का फल किसी भी दिन असकमात मिलेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
सरकार संबंधित कार्य भाग दौड़ के बाद आश्चर्य जनक परिणाम देंगे। जोरजबरदस्ती ना करें लाभ की जगह हानि हो सकती है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

## जागरूक खबरें

### धूमधाम से मनाया सेवानिवृत्त समारोह



**जयपुर @ जागरूक जता।** राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय मुरलीपुरा के कम्पोन्डर ओम प्रकाश शर्मा के सेवानिवृत समारोह धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के वरिष्ठ पेंशनर लोकचंद हरिरामानी ने की। सभी ने मोमेंटो, शाल, भेटकर अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य वक्ता के रूप में नगेन्द्र वशिष्ठ ने विचार रखे। चिकित्सालय प्रभारी सुभाष शर्मा, विपिन चन्द्र त्रिवेदी ने स्टॉफ के साथ ओम प्रकाश को साफा बंधवाया। धर्म पत्नी को शाल ओढ़ाकर धन्वंतरि का स्मृति चिन्ह भेटकिया। डा. गिरधारी लाल शर्मा, वरिष्ठ अधिकारी अमृत लाल शर्मा के अलावा, कर्मचारी, अधिकारी एवं समाज के प्रबुद्ध जन विदाई समारोह में शामिल हुए।

### झुग्गी झोपड़ियों में बच्चों को भोजन किया वितरित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शांति देवी फाउंडेशन एनजीओ की टीम द्वारा 22 गोदाम के सड़क किनारे रहने वाले एवं आसपास की झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों और लोगों को भोजन वितरित किया गया। शांति देवी फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था का उद्देश्य है कि सड़क किनारे रहने वाले एवं झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब एवं असहाय लोग जिनको दो वक्त का खाना भी समय पर नसीब नहीं होता, ऐसे ज्यादा से ज्यादा लोगों का हम समय-समय पर एवं अपने स्तर पर भरण पोषण करने की जिम्मेदारी उठाते रहेंगे। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक श्रवण शर्मा, संकल्प फैड्रिक, रितेश सोनी, कुलदीप शर्मा तथा दिनेश सोनी एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**सिन्हा की अपील: राष्ट्रपति के रूप में द्रोपदी मुर्मु मोदी सरकार के 'अधिनायकवाद' और संविधान पर 'हमले' का विरोध करेंगी**

# मुर्मू वादा करें कि राष्ट्रपति बनने पर नहीं होंगी सरकार की रबर स्टांप

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने एनडीए की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू से खास अपील की है। सिन्हा ने उनसे यह वादा करने के कहा कि अगर वह राष्ट्रपति बनती हैं, तो %नाम मात्र की (रबर स्टांप) राष्ट्रपति% नहीं होंगी। सिन्हा ने मुर्मू से कहा, ÷मैंने संकल्प लिया है कि अगर मैं निर्वाचित होता हूं, तो मैं केवल संविधान के प्रति जवाबदेह बनूंगा। जब भी कार्यपालिका या अन्य संस्थाएं संवैधानिक नियंत्रण व संतुलन को नुकसान पहुंचाएंगी, तो मैं बिना किसी भय या पक्षपात के और ईमानदारी से अपने अधिकार का इस्तेमाल करूंगा। कृपया आप भी ऐसा ही वादा करें।÷ सिन्हा ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि राष्ट्रपति के रूप में वह मोदी सरकार के %अधिनायकवाद% और संविधान पर %हमले% का विरोध करेंगे और वह राष्ट्रपति भवन में %रबर स्टांप% नहीं होंगे। भारत का राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय है, लेकिन लगातार सत्ताधारियों पर उस समय की सरकार का पक्षपात करने का आरोप लगाया गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वह केंद्र सरकार की ओर से नामित है और इसलिए भी कि कार्यपालिका सत्तारूढ़ व्यवस्था है जो वास्तविक अधिकार का

**न्यायपालिका के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों पर जताई चिंता**

सिन्हा ने न्यायपालिका के खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पूर्व पदाधिकारी नुपुर शर्मा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की कुछ टिप्पणियों के बाद न्यायपालिका पर घटिया आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने इन आरोपों को अप्रत्याशित और भारत के लोकतंत्र में अत्यंत निराशाजनक घटनाक्रम बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया। सिन्हा अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत बेंगलुरु में हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लिया। बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्दरमैया, पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख डी के शिवकुमार और पार्टी के कई नेता और विधायक शामिल हुए।

**राजनीतिक नियुक्तियां**

# राजस्थान की 10 अकादमियों को साढ़े तीन साल से अध्यक्षों का इंतजार, योजनाएं भी ठप

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** एक तरफ राज्य सरकार ने बोर्ड, आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियां कर दी। लेकिन प्रदेश में कला, साहित्य, भाषा और संस्कृति को बढ़ाने का जिम्मा जिन अकादमियों पर था, वे साढ़े तीन साल से स्थाई अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों के अभाव में काम कर रही हैं। नियुक्तियां नहीं होने से प्रशासनिक अधिकारियों के भरोसे चल रही अकादमियां कलाकारों और विद्वानों के लिए पुरस्कार समारोह के आयोजन, ग्रंथों के प्रकाशन के साथ ही नीतिगत निर्णय नहीं ले पा रही हैं। अकादमियों में मनोनीत अध्यक्ष और कार्य समिति के सदस्यों की स्थाई नियुक्ति नहीं होने से नई योजनाएं लागू नहीं हो पा रही है। साहित्य, संस्कृत, उर्दू, सिंधी, राजस्थानी और ब्रज भाषा जैसी अकादमियां भाषा के सृजन को प्रेरित, प्रोत्साहित और प्रसारित करने के काम करती हैं। सेमिनार, वर्कशॉप जैसे कार्यक्रम करवाने से लेकर पत्रिकाएं प्रकाशित करने व अन्य काम करती हैं।

### संभागीय आयुक्त संभाल रहे चार्ज

**जयपुर** स्थित करीब 5 अकादमियों का संभागीय आयुक्त के पास चार्ज है। इसी तरह अन्य जगह भी चार्ज दिये हुए हैं। कई जगह डेपुटेशन पर लगे सचिवों को भी एक साथ दो अकादमियों की कमान सौंपी गई है। संस्कृत अकादमी के निदेशक संजय झाला के पास सिंधी अकादमी के सचिव का चार्ज है।मोअज्जम अली के पास उर्दू के साथ ही ब्रज भाषा अकादमी भी है। अभिलेखागार विभाग के वसंत सोलंकी के पास उदयपुर की साहित्य अकादमी और शरद केवलिया के पास राजस्थानी भाषा अकादमी के सचिव का अतिरिक्त चार्ज है।

### राजस्थानी भाषा अकादमी भी बेहाल

**बीकानेर** में बनी राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी से भाजपा और कांग्रेस सरकारों ने दूरी ही रखी। इसके ये हालात तब हैं जबकि कला और संस्कृति मंत्री बीकानेर के डॉ. बीडी कल्ला ही हैं।

### प्रदेश की इन अकादमियों में होना है गठन

**राजस्थानी** भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर साहित्य अकादमी, उदयपुर संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर सिंधी अकादमी, जयपुर ,उर्दू अकादमी, जयपुर, ललित कला अकादमी, जयपुर संस्कृत अकादमी, जयपुर ब्रज भाषा अकादमी, जयपुर पंजाबी अकादमी, गंगानगर जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी।

**अकादमियों** में नियुक्तियों को लेकर प्रस्ताव भेजे हुए हैं। जल्द ही निर्णय ले लिए जाएंगे।
**-बीडी कल्ला,** मंत्री कला व संस्कृति विभाग

**तीसरी सूची इसी महीने**

## बोर्ड अध्यक्षों के अलावा 40 सदस्य भी होंगे तैनात

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**गहलोत** सरकार इसी महीने राजनीतिक नियुक्तियों की तीसरी सूची जारी कर सकती है। अब तक जारी दो सूचियों में 74 कांग्रेसी नेताओं को बोर्ड-आयोगों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा 67 सदस्यों की नियुक्तियां की गई, लेकिन मदरसा बोर्ड सहित कुछ अन्य नियुक्तियां अभी शेष हैं। इनमें अध्यक्ष, उपाध्यक्षों के अलावा 40 के आस-पास सदस्यों की तैनाती भी होनी है। हालांकि यह नियुक्ति पिछले महीने ही होनी थी लेकिन दिल्ली में राहुल गांधी को ईडी के नोटिस के बाद राजनीतिक घटनाऋ म तेजी से बदल गया। इसके बाद प्रदेश में हिंसक वारदातों के चलते भी सरकार का ध्यान उस तरफ ही रहा। अब स्थितियां सामान्य होती दिखीं तो अगले 10 से 15 दिन में यह सूची भी जारी कर दी जाएगी। सूची पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। इनके अलावा राजनीतिक नियुक्ति मिलने के बाद 4 माह से बिना सुविधा के काम कर रहे बोर्ड-निगमों के उपाध्यक्षों को उपमंत्री का दर्जा देने का मामला भी सरकार के पास पेंडिंग है।

# कैप्टन बन सकते हैं अगले उपराष्ट्रपति!

**अमरिंदर को NDA की ओर से उम्मीदवार बनाने की तैयारी, भाजपा में मर्ज होगी उनकी पार्टी**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हो सकते हैं। यह चर्चा कैप्टन के अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस को भाजपा में मर्ज करने की तैयारी के बाद तेज हो गई है। कैप्टन के पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से अच्छे संबंध हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि पार्टी मर्ज करने के साथ उनकी उम्मीदवारी का ऐलान होगा। कैप्टन इलाज के लिए अभी लंदन में हैं। उनकी सर्जरी हुई है। वह इस महीने के दूसरे हफ्ते में पंजाब लौट आएंगे। देश के मौजूदा उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का कार्यकाल 11 अगस्त को खत्म हो रहा है। इससे पहले 6 अगस्त को उपराष्ट्रपति चुनाव होंगे। इसके लिए 5 जुलाई को अधिसूचना जारी होने के बाद 19 जुलाई तक नामांकन भरे जाएंगे।

### अमरिंदर के सहारे पंजाब साधने की कोशिश

भाजपा कैप्टन के सहारे पंजाब को साधने की कोशिश कर रही है। खासकर सिख समुदाय से नजदीकी बढ़ाने के लिए भाजपा हर दांव खेल रही है। प्रधानमंत्री मोदी सिख शख्सियतों से मिल रहे हैं। वहीं, लाल किले में श्री गुरु तेग बहादुर जी का प्रकाश उत्सव भी मनाया जा चुका है। कैप्टन पंजाब के सियासी दिग्गज हैं। शहरों से लेकर गांवों तक हर जगह वह चर्चित नेता हैं। इसलिए कैप्टन के सहारे 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा पंजाब की 13 सीटों पर नजर लगाए बैठी है। कृषि सुधार कानूनों के विरोध में हुए किसान आंदोलन के चलते सिख भाजपा से नाराज चल रहे हैं।

**मोदी ने डिजिटल इंडिया वीक का शुभारंभ किया**

# ऑनलाइन होकर भारत ने किया लाइनों का समाधान



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों गुजरात के गांधीनगर में डिजिटल इंडिया वीक-2022 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में %इंडियास्टेक ग्लोबल%, %माइ स्कीम%, %मेरी पहचान%, %डिजिटल इंडिया भाषिनी%, %डिजिटल इंडिया जेनेसिस%, %चिप्स टु स्टार्ट अप% और %कैटालाइजिंग न्यू इंडियाज टेकेड%, %की ई-बुक% जैसी अलग-अलग डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया।

21 वीं सदी में जिनका जन्म हुआ है उन्हें डिजिटल लाइफ बहुत कूल लगती है। लेकिन 8-10 साल पहले कि स्थितियों को याद कीजिए, बर्थ सर्टिफिकेट के लिए लाइन, बैंको में लाइन, राशन लेने के लिए लाइन, बिल जमा करना है तो लाइन और एडमिशन के लिए लाइन। इतनी सारी लाइनों का समाधान भारत ने ऑनलाइन होकर कर दिया है। आज जन्म प्रमाण पत्र से लेकर सीनियर सिटीजन की पहचान देने वाले जीवन प्रमाण पत्र जैसी कई सेवाएं ऑनलाइन हैं। जिन कामों में कभी कई दिन लग जाते थे वो अब कुछ पलों में हो जाते हैं।

### डीबी से बीते 23 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे

उन्होंने आगे कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से बीते 8 साल में 23 लाख करोड़ रुपए से अधिक सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे गए हैं। इस टेक्नोलॉजी की वजह से देश के 2 लाख 23 हजार करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचे हैं।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म से जारी सेवाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान एक ऐग्जीबिशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें आधार, UPI, को-विन और डिजिलॉकर जैसे पब्लिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को आसानी से मिल रही सेवाओं के बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन महात्मा मंदिर कॉन्वेशन और एक्जीबिशन सेंटर में किया गया। यह कार्यक्रम 9 जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं IT राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर विशेष रूप से मौजूद रहे।

### साढ़े सात सौ करोड़ रुपए की राशि निर्धारित

स्टेट इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट डिजिटल इंडिया के सात साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टेक्नोलॉजी की पहुंच को बढ़ाना, लाइफ स्टाइल को सुगम बनाने के लिए सर्विस डिलिवरी सिस्टम को सुचारू बनाना और स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। इस योजना

**अमीरों के लिए अच्छा नहीं गुजर रहा 2022**

**6 महीने में दुनिया के 500 सबसे अमीर लोगों ने गंवाए 111 लाख करोड़ रुपए**

# टॉप 10 में सिर्फ अडाणी की संपत्ति बढ़ी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** दुनिया के अमीरों के लिए 2022 अच्छा नहीं रहा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार इस साल अब तक 6 महीनों में ही दुनिया के 500 सबसे अमीर लोगों ने 1.4 ट्रिलियन डॉलर (110 लाख करोड़) गंवा दिए हैं। इस दौरान दुनिया के सबसे अमीर आदमी यानी टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने 4.73 लाख करोड़ रुपए गंवाए। वहीं दुनिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की सम्पत्ति 4.68 लाख करोड़ रुपए कम हो गई है।इस साल दुनिया के 10 सबसे अमीरों लोगों में से 10 की संपत्ति में गिरावट आई है। जिस एक की सम्पत्ति मे गिरावट नहीं आई है वो अडाणी ग्रुप के मालिक गौतम अडाणी हैं। दुनिया के छठे सबसे अमीर आदमी अडाणी की संपत्ति इस साल अब तक 1.76 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। वहीं अगर रिलायंस इंडस्ट्री के मालिक मुकेश अंबानी की सम्पत्ति में 28.89 हजार करोड़ रुपए की गिरावट आई है। इस गिरावट के बाद इनकी कुल सम्पत्ति घटकर 5.08 लाख करोड़ रुपए रह गई है। मुकेश अंबानी दुनिया के 11वें सबसे अमीर आदमी हैं। उधर, बायनेन्स के संस्थापक और सीईओ चांगपेंग झाओ को 2022 के शुरुआती 6 महीनों में 6.26 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### नि:शुल्क प्रसूति एवं स्त्री रोग शिविर कल

**सीकर @ जागरूक जनता।** राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय, सीकर से सलग्न डा. राजेन्द्र प्रसाद जिला आयुर्वेद चिकित्सालय सीकर में नि:शुल्क प्रसूति एवं स्त्री रोग शिविर का आयोजन किया जाएगा: प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष एवं शिविर प्रभारी डा. स्वाति आल्हा ने बताया कि महाविद्यालय प्राचार्य डा. सत्यनारायण शर्मा के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमो के तहत गुरुवार को प्रात: 9 से दोपहर 1 बजे तक प्रसूति एवं स्त्री रोगो विशेषकर अंडेदानी की गांठ (पीसीओडी/ पीसीओएस) से संबंधित रोगीयो को नि:शुल्क परामर्श एवं चिकित्सा की जाएगी।

**मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा**

# उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 30वीं बैठक जयपुर में 9 जुलाई को

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 9 जुलाई, 2022 को जयपुर में प्रस्तावित 30वीं बैठक की तैयारियों को शीघ्र अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग पूर्ण समन्वय रखते हुए बैठक के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल हो रहे अतिथियों, प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के लिए आवास, आवागमन, चिकित्सा एवं आईटी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, चण्डीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं राजस्थान उत्तर क्षेत्रीय परिषद के सदस्य हैं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह अभय कुमार, प्रमुख शासन सचिव पर्यटन गायत्री ए राठौड़, जयपुर पुलिस आयुक्त आनंद श्रीवास्तव, शासन सचिव आयोजना भवानी सिंह देथा, सामान्य प्रशासन विभाग के शासन सचिव जितेन्द्र उपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# श्रावण मास में ग्यारह लाख पार्थिव शिवलिंगों का अर्चन होगा- पवन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष अनुसंधान केंद्र एवं साकार महिला विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में श्रावण मास के पुण्य पवित्र अवसर पर भगवान महाकाल शिव का अभिषेकात्मक पार्थिव ईश्वर अतिरुद्र महायज्ञ एवं एकादश लक्ष्य (11लाख) शिव पार्थिव अर्चन का आयोजन जयपुर शहर में प्रथम बार किया जा रहा है। आयोजक ज्योतिषाचार्य पवन शर्मा एवं निशा पारीक ने जानकारी दी कि यह अनुष्ठान श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से श्रावण शुक्ल पूर्णिमा (14 जुलाई से 12 अगस्त) तक मानसरोवर स्टेडियम के पास स्थित शिरडी साई मंदिर में एक माह तक काशी (बनारस) तथा उज्जैन के प्रकांड विद्वानों द्वारा पूर्ण विधिविधान के साथ करवाया जाएगा। कार्यक्रम संरक्षक लक्ष्मी नारायण मोयल ने बताया कि यह अनुष्ठान कोरोना महामारी से त्रस्त परिवारों तथा सभी की ग्रह शांति, व्यापार वृद्धि, ऋष्टा मुक्ति, संतान प्राप्ति एवं शिव कृपा से सभी के जीवन में सुख शांति के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। प्रेसवार्ता में राजस्थान जन विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्रपालसिंह जादौन, शिरडी साई मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामस्वरूप सैनी, नीलम, रजवाड़ा परिधान के संस्थापक व आयोजन संरक्षक लक्ष्मी नारायण मोयल, होटल व्यवसायी अर्पित सिंघल ने सामूहिक रूप से कहा कि अतिरुद्र महायज्ञ को भव्यातिभव्य तरीके से सम्पन्न किया जायेगा।

# नूपुर शर्मा पर एससी की टिप्पणी से पूर्व जज-ब्यूरोक्रेट्स खफा

**बोले- सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा लांघी, ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण कमेंट ज्यूडिशियरी पर धब्बा**

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** सुप्रीम कोर्ट में नूपुर शर्मा के मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेबी पारदीवाला की टिप्पणी से पूर्व जज और ब्यूरोक्र ट्स नाराज हैं। इन लोगों ने सीजेआई एनवी रमना को एक खत लिखा है। इसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा लांघी है और नूपुर के मामले में तुरंत अदालत को सुधार संबंधी कदम उठाने चाहिए। यह भी कहा कि जस्टिस सूर्यकांत त्रिपाठी की टिप्पणियों और आदेशों को वापस लेने का निर्देश दिया जाए। चिट्ठी में 15 रिटायर्ड जजों, 77 रिटायर्ड नौकरशाहों और 25 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के दस्तखत हैं।हस्ताक्षर करने वालों में केरल हाईकोर्ट के जस्टिस पीएस रविंद्रन, बॉम्बे हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस क्षितिज व्यास, गुजरात हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एसएम सोनी, राजस्थान हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस आरएस राठौर और प्रशांत अग्रवाल, दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एसएन ढींगरा भी शामिल हैं।

ANCHOR खुलासा

# जब मुर्मू ने पीएम से पूछा- क्या मैं राष्ट्रपति बनने लायक हूं?

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**रांची।** एनडीए राष्ट्रपति पद प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू रांची आयीं तो काफी भावुक अंदाज में नेताओं से मिलीं। बातचीत में कई बार उनका गला रूंध गया। पुराने दिनों की यादें ताजा कीं। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी तय होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की बात कहते हुए वह काफी भावुक हो गईं। मुर्मू ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें कहा कि राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए ने आपकी उम्मीदवारी तय की है, तब उन्होंने कहा कि वह एक छोटे से गांव से आती हैं। पहले शिक्षक और फिर मंत्री बनीं, लेकिन क्या वह राष्ट्रपति बनने के लायक हैं?

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को कहा कि आपने देश की प्रथम नागरिक बनाने का फैसला लिया है, इतनी बढ़ी जिम्मेदारी वह कैसे निभाएंगी। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उनके साथ पूरा देश है। देश के लोगों की ताकत है और सबसे बढ़कर संविधान व संविधान के द्वारा दी गई ताकत है। संविधान ही उनका मार्गदर्शन करेगा।

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उन्हें जब राज्यपाल बनाने का फैसला लिया गया था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही कहा था कि उन्हें झारखंड भेजा जा रहा है। ऐसे में वहां के गांव-गांव जाएं। लोगों की समस्याएं सुनें। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड में बतौर राज्यपाल उन्होंने जो काम किया, वह बेहतरीन रहा है। यही वजह है कि पहली बार एक आदिवासी समाज की महिला को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया।

### सोरेन ने किया स्वागत, दीं बधाई

झारखंड की पूर्व राज्यपाल व राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के लिए सर्वसम्मति बनाने का प्रयास एनडीए व भाजपा के नेताओं के द्वारा किया जा रहा है। झारखंड में मुख्य सत्ताधारी पार्टी झामुमो ने अबतक खुले तौर पर द्रौपदी मुर्मू के समर्थन का ऐलान तो नहीं किया, लेकिन उम्मीद जतायी जा रही है कि आदिवासी महिला को पहली बार देश के प्रथम नागरिक के तौर पर स्थापित करने की बात पर झामुमो समेत अन्य दलों का समर्थन मिल सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी द्रौपदी मुर्मू के रांची आने पर शुभकामनाएं दी। हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा कि एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू झारखंड आ रही है। भगवान बिरसा की पावन धरती पर उनका हार्दिक स्वागत है। इसी ट्वीट में द्रौपदी मुर्मू को हेमंत सोरेन ने जोहार कह शुभकामनाएं दी।

## जागरूक खबरें

### रामसिंह बने आदिवासी सेवा संस्थान के अध्यक्ष



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** यहां सामुदायिक भवन में रविवार को मीणा समाज की मीटिंग हुई। इसमें सर्वसम्मति से राम सिंह पचलंगी को आदिवासी सेवा संस्थान का तहसील अध्यक्ष चुना गया। इसमें मीणा समाज के लोगों द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष चुनाव के लिए 11 वरिष्ठ लोगों की कमेटी का गठन किया गया। इसमें आदिवासी मीणा समाज के वरिष्ठ नेता सुरेश मीणा किशोरपुरा, बचनाराम नांगल, मीणा समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल मीणा उदयपुरवाटी, कन्हैयालाल मीणा धोला खेड़ा, धर्मेन्द्र मीणा व केसरदेव मीणा उदयपुरवाटी, रामकुमार मीणा छावसरी, सत्यनारायण मीणा पापड़ा, बिलासाराम मीणा भोड़की, बजरंग मीणा व कल्याण सिंह मीणा सिंगनौर को समाज द्वारा मनोनित किया गया। प्रकाश मीणा गुड़ा को महासचिव व राकेश मीणा ककराना को उपाध्यक्ष बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम सिंह का अभिनंदन किया गया।

### अब नहीं भरेगा बरसात का पानी, जमात रोड पर डेढ करोड़ लागत का कार्य शुरू



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** कस्बे में बरसात के मौसम में कुछ स्थानों पर बरसाती पानी भारी मात्रा में भरता रहता है । इनमें मुख्य है झुंझुनूं रोड का जमात एरिया । इस का मुख्य कारण इस रोड पर दोनों ओर नालों का निर्माण नहीं हुआ होना । पिछले नगर पालिका प्रशासन ने अपने कार्यकाल में दाहिनी ओर के नाले का निर्माण करवा दिया, इससे आधी समस्या का समाधान हो गया । इस समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए वार्ड वासी नगर पालिका प्रशासन का हर बरसाती मौसम में आपदा का हवाला देते हुए खेतुड़्या नाला से समुचित बरसाती पानी की निकासी तथा इसके बांये ओर पेट्रोल पंप तक नाले निर्माण के बारे में मांग करते रहे । आखिर नगर पालिका प्रशासन ने इस समस्या को दूर करने की ठानी । पालिका जेईएन नवीन सैनी ने बताया कि कस्बेवासियों की इस आपदा को दूर करने के लिए करीब डेढ करोड़ निर्माण कार्य का बजट बनाया गया है। इसमें खेतुड़्या क्रॉस नाले का निर्माण और इसके बाएं ओर से पेट्रोल पंप तक नाले आदि का निर्माण कार्य है जो कि अभी प्रगति पर है । कस्बे वासियों ने कहा, इस निर्माण कार्य के पूरे हो जाने पर उन्हें बरसाती पानी के भराव व बहाव आदि आपदा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### भोजगढ नर्सरी से पौध वितरण शुरू



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों का होना बहुत ही अनिवार्य है, बिना पेड़ों के हमारा जीना नामुकिन है। जितने अधिक पेड़ होंगे, उतनी अधिक हम जी पाएंगें। उपखंड क्षेत्र की भोजगढ नर्सरी में एक जुलाई से तीनों प्रकार के पेड़ों की पौधों का वितरण शुरू हो गया है। रेंजर रणवीर सिंह शेखावत ने बताया कि इस नर्सरी से लोगों इच्छानुसार न्यूनतम दर पर पौध वितरित की जाती है, 50 प्रकार से अधिक करीब 3 लाख पौधों का वितरण सितम्बर माह तक किया जाता है।

### 'जून जूनून साहित्यिक प्रशस्ति' आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा रचनाकारों के उत्साहवर्धन हेतु एवं रचनाकारों में साहित्यिक जूनून उत्पन्न करने के उद्देश्य से ऑनलाइन 'जून जूनून साहित्यिक प्रशस्ति कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। जिसमें रचनाकारों को विभिन्न तरह के 20 विषयों को देकर उन पर रचना लिखने के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया। प्रत्येक रचना के लिए ऑनलाइन 'पुनीत प्रेरक रचनाकार' सम्मान पत्र तथा सभी 20 विषयों पर उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत कर समूह का ध्यान आकर्षित करने वाली विशिष्ट रचनाकार भारती राय (नोएडा, उत्तर प्रदेश) को ऑनलाइन 'पुनीत साहित्य सिकंदर' सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया और साथ ही समूह ने नए जुड़े रचनाकारों को भी उनकी रचना प्रस्तुति के लिए ऑनलाइन 'पुनीत प्रेरक रचनाकार' प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार ने ऑनलाइन 'जून जूनून साहित्यिक प्रशस्ति कार्यक्रम' में प्रतिभागी रचनाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन व उत्साहवर्धन किया तथा सम्मान पत्र और प्रशस्ति पत्र पाने वाले सभी रचनाकारों को उज्ज्वल साहित्यिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान भारती राय, सुनीता सोलंकी 'मीना, संध्या शर्मा, प्राप्ति सिंह, डॉ. उमा सिंह बघेल, सीमा मोटवानी रचनाकार उपस्थित रहे।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

### 20 करोड़ की लागत से तैयार होगी, योग्य प्रशिक्षकों से मिलेगा प्रशिक्षण

# जोधपुर में बनेगी प्रदेश की पहली आवासीय पैरा खेल अकादमी

**पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मौका**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश की पहली आवासीय पैरा खेल अकादमी जोधपुर में बनेगी। इसमें दिव्यांग खिलाड़ियों को रहने-ठहरने की सुविधाओं के साथ प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। ओलंपिक सहित अन्य राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन कर मैडल जीतने वाले राजस्थान के खिलाड़ियों को योग्य प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण मिलेगा। इस अकादमी में तैयार होने वाले प्रदेश के पैरा खिलाड़ियों के ओलंपिक तक जाने व मैडल लाने की उम्मीदें जगेगी।



**दिव्यांगों को मिलेगा प्रशिक्षण**

आवासीय पैरा खेल एकेडमी में सभी श्रेणियों के दिव्यांगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनमें दृष्टिहीन, शारीरिक रूप से विकलांग, मूक बधिर व मानसिक विमंदित शामिल है। इन खिलाड़ियों को यहां वर्षपर्यंत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**बनेगा स्पोर्ट्स स्कूल**

जिला खेल अधिकारी शरद टाक के अनुसार, आंगणवा में 7 करोड़ लागत से रेजिडेंशियल स्पोर्ट्स स्कूल बनाया जाएगा। इसमें खिलाड़ियों को आवास, शिक्षा व खेल प्रशिक्षण की सुविधाए नि:शुल्क उपलब्ध होगी। इसके अलावा करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट व करीब 10 करोड़ की लागत से राजस्थान हाई परफोर्मेन्स स्पोर्ट्स ट्रेनिंग द रिहेबिटेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। जोधपुर के लिए मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2020-21, 2021-22 व 2022-23 के अन्तर्गत कई महत्वाकांक्षी खेल परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

### कन्हैया हत्याकांड: परिजनों से मिली पूर्व मुख्यमंत्री

# हर गलती कीमत मांगती है-राजे





जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का स्लोगन है कि हर गलती कीमत मांगती है पर कन्हैया हत्याकांड की क्या कीमत होगी। राजे सोमवार शाम उदयपुर आई और कन्हैया के घर जाकर परिवारजनों से मिलकर सांत्वना दी।बाद में संवाददाता सम्मेलन में राजे ने कहा कि गहलोत मुख्यमंत्री व गृहमंत्री भी हैं, लेकिन प्रदेश में पिछले चार साल से कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। वे इसे ठीक करने की बजाय हर मामले को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर दबाव डालने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस कन्हैया को सुरक्षा उपलब्ध करवा देती तो आज यह घटना नहीं होती, लेकिन साफ है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल हो गई है और सरकार को सत्ता में बने रहने कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने इस निर्मम हत्या के सबूत की जरूरत कहा है, आरोपियों ने वीडियो वायरल किए हैं, ऐसे में जिसने जान ली उसको फांसी की सजा जल्द मिले, यही सबसे पहली मांग है। वसुंधरा राजे का हमला, बोली हर गलती कीमत मांगती है, कन्हैया हत्याकांड की क्या कीमत होगी..इससे पहले राजे कन्हैयालाल की पत्नी को गले लगा भावुक हो गई, पत्नी ने कहा सुरक्षा मिल जाती तो आज मेरी मांग में सिंदूर होता।

### सांसद दीया ने की मृतक कन्हैयालाल के परिजनों से मुलाकात

#### हत्या की घटना से पूरा राष्ट्र स्तब्ध

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राजसमन्द सांसद दीयाकुमारी ने उदयपुर हत्याकांड में मृतक टेलर कन्हैयालाल तेली के घर जाकर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना प्रदान की। परिजनों से मुलाकात करते हुए सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का पूरा परिवार आपके साथ है। आप अपने आपको अकेला न समझे। मीडिया से बात करते हुए सांसद ने कहा कि राज्य सरकार हर तरह से विफल साबित हुई है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से छिन्न भिन्न हो चुकी है। राज्य में अराजकता का बोलबाला है। इस घटना से पूरा राष्ट्र स्तब्ध है। हत्यारों को फाँसी से कम सजा न हो। सांसद दीया ने बाद में घटना में घायल ईश्वर गौड़ से मिलकर कर कुशलक्षेम पूछी व घटना की जानकारी ली। इस दौरान कूम्भलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ भी साथ थे।

### नालों की सफाई की खुली पोल

# बरसाती नाले में तब्दील हुई सड़कें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** शहर में बीते दिनों नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की एक बार फिर से पोल खुल गई। जब आसमान से बादल बरसे तो बंद व कचरे से भरे गंदे नाले का पानी सड़कों पर आ गया। गौरतलब है कि नगर परिषद द्वारा नालों की सफाई का ठेका 48 लाख रुपए में दिया गया है। बताया जा रहा है कि नाले का ठेका पार्षद के नजदीकी को ही दिया गया है। इसके बाद नालों की सफाई नियमित नहीं होने की वजह से तेज बरसात के बाद शहर के नालों की सफाई की पोल खुल गई। शहर के प्रताप सर्किल से लेकर रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर बने नालों की नियमित सफाई नहीं होने की वजह से यह सड़क बरसाती नाले में तब्दील हो गई। वही प्रताप नगर चौराहा से प्रताप सर्किल जाने वाली सड़क भी नालों की सफाई के अभाव से नदी में तब्दील हो गई। नालो का कीचड़ भरा काला पानी सड़कों पर आ गया। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन धारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी कई वाहन यहां पर गुजरने के बाद खराब हो गए। जबकि नगर परिषद ने इसी सड़क पर बने ड्रेनेज नाले की गत 28जून को कुछ घंटो की सफाई को नालों की सफाई को अंतिम चरण में बता दिया था।नगर परिषद का लाखों रुपया नालों की सफाई में जब खर्च हो रहा है और संवेदक किसी भी प्रकार की सफाई ना ही करके बरसात के पानी से ही नालों की सफाई होने का इंतजार कर रहा है जिससे सड़क पर गुजरने वाली आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## किसानों को अब 75 प्रतिशत अनुदान

**टोंक @ जागरूक जनता।** जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 में उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत 377 हेक्टेयर क्षेत्र में नये फल बगीचों की स्थापना करवाई जावेगी। इस बार सरकार की ओर से नये फल बगीचे लगाने वाले कृषको को इकाई लागत का 75 प्रतिशत अनुदान दिया जावेगा। इससे पूर्व कृषको को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा था। इस वर्ष जिले में नये फल बगीचों की स्थापना हेतु राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 7 हेक्टेयर क्षेत्र में पपीता व 20 हेक्टयर में नींबू के लक्ष्य निर्धारित किये गये है साथ ही राजस्थान उद्यानिकी विकास मिशन पार्ट-I के तहत 350 हेक्टेयर क्षेत्र में अमरूद के नये फलदार बगीचों की स्थापना हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये है। फल बगीचा स्थापना हेतु इच्छुक कृषक "राजकिसान साथी पोर्टल" पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करें। उक्त योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्यों में 50 प्रतिशत लघु व सीमान्त श्रेणी के कृषको को लाभान्वित किये जाने हेतु लक्ष्य आरक्षित किये गये है।

# समाजसेवी सैनी ने मूकबधिर बच्चों संग मनाया जन्मदिन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** समाज में अच्छा संदेश देने और लाचार मूकबधिर बच्चों को खुशी देने के उद्देश्य से युवा समाजसेवी व सामाजिक संस्थान श्री कृष्णा युथ यूनियन के अध्यक्ष जीतू सैनी ने अपना जनमदिन जोधपुर आँगणवा स्थित नैत्रहीन विकास संस्थान द्वारा संचालित गुरुकृपा मानसिक विमंदित आवासीय विधालाय में मनाया। इस दौरान सैनी ने जोधपुर के मुख बधिर व असहाय मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चों के साथ खाना, नाश्ता एवं बच्चों के साथ केक काटकर उन्हें खुशियां दी और अपना जन्मदिन मनाया। यही कारण रहा कि आज वह बच्चों को खुश करने लायक ढेर सारा सामान और उपहार लेकर जब गुरुकृपा मानसिक विमंदित आवासीय विधालाय पहुंचे, तो बच्चे उन्हें देखते ही खुश हो उठे। जितु सैनी इन बच्चों के बीच पहुंचकर खुद बच्चे बन गए और उन्होंने बच्चों को लाड़ और दुलार किया। बता दे की सैनी अपना जन्म जन्मदिन पिछले 4 वर्षों से मूक-बधिर बच्चों के साथ मना रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मित्र मंडल के सुरेश चौहान, सुनील भानु , मुकेश टाक, दिनेश सोलंकी, मनोहर कच्छावाह, रणजीत सैनी ,गोपाल भाटी, संस्था के संचालन कर्ता अंजना शर्मा सहित विद्यालय परिवार के स्टाफ उपस्थित रहे।

## 60 साल से अधिक उम्र के कैदियों की रिहाई जल्द

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सरकार %आजादी का अमृत महोत्सव% के तहत 50 साल से अधिक उम्र की उन महिला एवं ट्रांसजेंडर दोषियों की सजा कम करने की योजना बना रही है, जिनका व्यवहार अच्छा है। सरकार 60 वर्ष से अधिक उम्र के उन पुरुष कैदियों और दिव्यांग बंदियों को भी इस योजना का लाभ देगी, जिन्होंने अपनी आधी से अधिक सजा पूरी कर ली है। जो गरीब या निर्धन कैदी सजा पूरी कर चुके हैं, लेकिन धन के अभाव में जुर्माने न भर पाने के कारण अब भी जेल में हैं, उन्हें भी जुर्माने से छूट का लाभ दिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने बताया कि यह योजना उन कैदियों पर लागू नहीं होगी, जिन्हें मौत या आजीवान कारावास की सजा दी गई है, या जिन पर बलात्कार, आतंकवाद, दहेज हत्या और धन शोधन के आरोप लगाए गए हैं। वर्ष 2020 के एक आधिकारिक अनुमान के अनुसार, भारत के जेलों में क्षमता से अधिक कैदी हैं। देश के कारागारों में 4.03 लाख कैदियों को रखने क्षमता है, जबकि इस समय कारागारों में लगभग 4.78 लाख कैदी हैं, जिनमें करीब एक लाख महिलाएं हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि इन पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले कैदियों को तीन चरणों में 15 अगस्त, 2022, 26 जनवरी, 2023 और 15 अगस्त, 2023 को रिहा किया जाएगा।

# चौमूं शहर में 3 दुकानों से पकड़ी 300 किग्रा पॉलिथीन

### नगरपालिका प्रशासन ने चलाया अभियान, कई दुकानदारों ने छुपा दी सिंगल यूज थैलियां

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** चौमूं नगरपालिका प्रशासन ने सोमवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। नगर पालिका के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर देवेंद्र जिंदल के निर्देश पर हेल्थ इंस्पेक्टर जयकिशन के नेतृत्व में शहर में अलग-अलग जगह पॉलिथीन जब्त करने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से बाजार में व्यापारियों में हड़कंप मच गया और दुकानदार पॉलिथीन की थैलियों को छुपाने लगे। नगरपालिका प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए करीब 300 किलो पॉलिथीन जब्त की है।

हेल्थ इंस्पेक्टर जयकिशन सैनी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शहर में पॉलिथीन जब्त अभियान के तहत कार्रवाई की गई है। इस दौरान धनजी की गली स्थित गणेश एजेंसी, अमित किराना स्टोर लक्ष्मीनाथ जी का चौक, लक्ष्मी एंटरप्राइजेज बस स्टैंड चौमूं पर कार्रवाई करते हुए 300 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन जब्त की गई है। साथ ही दुकानदारों को आगे से सिंगल यूज पॉलिथीन उपयोग में नहीं लेने की हिदायत दी गई है।

**नगरपालिका के अभियान से मचा हड़कंप**

**शहर** में नगरपालिका प्रशासन का दस्ता पॉलिथीन जब्त करने की कार्रवाई के लिए पहुंचा तो दुकानदार और व्यापारियों में हड़कंप मच गया। शहर में अन्य दुकानदारों ने पॉलिथीन की थैलियों को छुपा दिया हालांकि नगर पालिका प्रशासन ने 3 जगह से बड़ी मात्रा में पॉलिथीन जब्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया है। जैसे ही इन दुकानों पर नगरपालिका प्रशासन कार्रवाई करने के लिए पहुंचा तो अन्य दुकानदारों को इस कार्रवाई की भनक लग गई और उन्होंने पॉलिथीन को छुपा दिया।

ANCHOR

**सीमा पार ड्रोन से मिलेगी मुक्ति**

# सर्व सनातन समाज द्वारा शांतिपूर्ण बालोतरा बंद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** बंद को लेकर शहर के समस्त संगठनों का, इंडस्ट्रीज व्यापारियों का, ट्रांस्फोर्ट व्यपारियो का, बाजार में हर वर्ग के व्यवसायों के दुकानदारों का पूर्ण रूप से बंद को लेकर समर्थन रहा। उदयपुर हत्याकांड को लेकर बालोतरा बंद आह्वान पर मंगलवार को प्रातः 10 बजे बालोतरा डीवाईएसपी धनफुल मीणा के नेतृत्व में मुख्य मार्गो पर पुलिस जाब्ता के साथ फ़्लैग मार्च निकाला गया। बंद के दौरान क्षेत्र के संतों के सानिध्य में महंत त्रिवेणी गिरी महाराज, संत भरत गिरी महाराज, महंत योग गुरु स्वामी लालदास महाराज के सानिध्य में संगीत एकेडमी गायक अशोक प्रजापत के नेर्तत्व में सगीत मय हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। आयोजित बंद में बजरंग दल राजस्थान संयोजक किशन प्रजापत, डॉ घेवराम भील ने देश व प्रदेश में हो रही जेहादियों व आकवादियो द्वारा घटनाओं के बारे में अपने विचार रखें। उदयपुर हत्याकांड कन्हैया लाल के हत्यारों को जल्द से जल्द फाँसी की सजा मिले। रैली में युवाओं ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर वंदे मातरम, जय जय श्री राम के जयघोष लगा रहे थे।



रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए उपखंड कार्यलय पहुँची जहाँ उपखंड अधिकारी नरेश सोनी व पुलिस उप अधीक्षक नितेश आर्य को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया।

**इन्होंने दिया समर्थन :** किराना व्यापारी एसोसिएशन, बर्तन व्यापारी एसोसिएशन, सराफा एसोसिएशन, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन, बालोतरा संगीत अकादमी सेवा संस्थान, हार्डवेयर व्यापारी संघ, कृष्णा सेवा संस्थान, होटल व्यवसायी संघ, सब्जी मंडी संघ, कृषि मंडी व्यापारी संघ, घंडी वॉच एसोसिएशन, लघु उद्योग मडंल, सेवा भारती समिति, रक्तकोष मित्र मण्डल, पान भण्डार एसोसिएशन, अग्रवाल मार्केट, मोती मार्केट, रेडीमेड कपड़ा एसोसिएशन,लोह धातु एसोसिएशन, इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन, इलेक्ट्रिशियन एसोसिएशन, मणीहारी एसोसिएशन, फोटोग्राफी एसोसिएशन, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, ओमबन्ना टाईगर फोर्स, जीनगर समाज, जैन समाज, अग्रवाल समाज, घाँची समाज नवयुवक संस्थान, घाँची समाज यस क्लब,प्रजापत समाज, श्रीमाली समाज, सैन समाज, चारण समाज, मेवाड़ा समाज नवयुवक मंडल, रावणा राजपूत समाज, जांगिड़ समाज, राजपुरोहित नवयुवक मंडल, माली समाज, जाट समाज, चौधरी समाज के अलावा सर्व समाज के प्रतिनिधि व राष्ट सेविका समिति, दुर्गा वाहिनी, भारतीय जनता पार्टी महिला मंडल, इन्हरविहल क्लब के महिला भी रैली में शामिल हुई सनातन धर्म सभा समिति अध्यक्ष आसुराम सुथार ने बंद को लेकर सर्व समाज का आभार ज्ञापित किया। इस दौरान सनातन धर्म सभा उपाध्यक्ष उत्तमसिंह राजपुरोहित, विहिप विभाग प्रमुख पुरषोतम दास गोयल, जिला मंत्री मुकेश गोयल, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सुरंगीलाल सालेचा, सुभाष चोपड़ा,निर्मल लुकर बजरंग दल जिला सयोंजक प्रकाश माली,महेश प्रजापत, राहुल अग्रवाल, युवराज सिंह भवानीसिंह राजपुरोहित, cept अध्यक्ष रूपचंद सालेचा, जब्बरसिंह सोढा,थानाराम भील, विजय चौधरी, प्रताप लालवानी,सिवाना विधायक हमीरसिंह भायल, सभापति सुमित्रा जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश बी चौहान, गणपत बाठिया,गोविंद सिंह कालूड़ी सहित सर्व समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# हमारी पसंद के लड़के से शादी करो, नहीं तो देना होगा 15 लाख जुर्माना, खाप पंचायत का फरमान!

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बाड़मेर।** जिले की खाप पंचायत में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, गांव में एक परिवार अपनी बेटी को पढ़ाना चाहता है, लेकिन रिश्तेदार और पंच परिवार पर 18 वर्षीय लड़की की शादी करने का दबाव बना रहे हैं। यही नहीं, पंचों ने परिवार को समाज से बहिष्कार करने की धमकी भी दी है और कहा है कि बात नहीं मानने पर 15 लाख रुपये जुर्माना देना लगाया जाएगा। ऐसे में परेशान होकर 18 वर्षीय लड़की सूरज कुमारी ने अपने परिवार के साथ खाप पंचायत के आदेश के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) से शिकायत की है। बाड़मेर के गुडामलानी थाना क्षेत्र के ताबो का धोरा गांव निवासी पीड़िता के पिता कानाराम रेबारी ने आरोप लगाया कि हाल ही में खाप पंचायत के सदस्य उसकी बेटी की शादी शराबी के साथ करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी द्वितीय वर्ष में पढ़ रही है और अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती है। लेकिन जाति पंचायत के सदस्य उन्हें धमकी दे रहे हैं कि अगर उन्होंने उनके हुक्म का पालन नहीं किया तो वे उनका समाज से बहिष्कार करेंगे और 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाएंगे। पीड़िता ने दावा किया कि जाति पंचायत के सदस्यों ने भी उसे चेतावनी दी थी कि उसके सामाजिक बहिष्कार के बाद समुदाय में कोई भी उसकी बेटी से शादी नहीं करेगा। रेबारी ने कहा, %मेरा परिवार डर में है और बेटी पिछले तीन दिनों से खाना नहीं खा रही है। हम चाहते हैं कि वह पढ़े लेकिन ये खाप नेता उसका भविष्य खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। आरोपी हमें धमका रहे हैं और बेटी को अगवा करने की योजना बना रहे हैं।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 — Silver Utensiles
Certified — राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
»मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
»सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
»असाध्य घाव/शुगर के घाव
»कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
»अचानक बहरापन (Hearing Loss)
»डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

## प्रदेश में फिर सर्किय होगा मानसून

**जयपुर @ जागरूक जनता।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पूरे देश को कवर कर लिया है। अगले चार दिन में देश के ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। राजस्थान में भी मानसून की एंट्री हो चुकी है। राजधानी जयपुर को मानसून ने पहले चार दिन में ही तरबतर कर दिया। यहां बारिश का आंकड़ा 142 मिमी तक पहुंच गया। यह आंकड़ा सामान्य से 74% ज्यादा है। मौसम विभाग डायरेक्टर आरएस शर्मा ने बताया कि 6, 7, 8 जुलाई को राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश और एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

Regd. 481/85-86
ROSE
Public Senior Secondary School
B-97-98, Jamunapuri, Murlipura Scheme, Jaipur - 302039
Ph. - 0141-2331276 Mobile - 9414043478, 9829280592, 7339941177
XII Board Exam 2022 Toppers

97% GPE Ayushi Jwala | 93.66% GPD Priya Sharma | 92.66% GDE Ishita Yadav | 92% PCB Bhawana Mitharwal | 92% PCB Saloni Singh | 92% ABC Himanshu Jangid

91% PCB Nitesh Kumar | 90.66% ABC Himanshi Jat | 90.33% ABE Preeti Yadav | 88.66% ABC Vishal Devanda | 88.33% PCB Khushi Rathore

ADMISSION OPEN 2022-23
English & Hindi Medium
PLAY GROUP TO XII
SCIENCE, COMMERCE, ARTS & AGRICULTURE
NCC SCOUT AND GUIDE
Day Boarding
Hostel Facility
Conveyance Facility

Branch IInd - Village - Chetawala, Via - Harmara, Sikar Road, The.- Amer, Dist. - Jaipur - 303704

नैतिक मूल्यों को समर्पित शिक्षण संस्था

सन्तोष शर्मा
संरक्षक
MA (हिन्दी) B.Ed.
सरस्वती शिक्षा सदन सै. स्कूल
विद्या: ददाति विनयम्
सी-68-70, विद्याधर नगर, जयपुर, Ph. : 0141-2337215 Mo.-9414752392
SARASWATI CHILDREN'S ACADEMY
C-82-83, Vidhyadhar Nagar, Jaipur, Ph. : 0141-2337215
माध्यमिक परीक्षा 2021-22 विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं (अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम)
स्कूल का गौरव

रिया मीचन्दानी (गार्गी) 93.00%
तरुण मूलवानी 90.83%
गार्गी पुरस्कार विजेता – 2021–2022

मुस्कान मनिहार (गार्गी) 89.83% | सना बानो (गार्गी) 89.17% | सुहाना मनिहार (गार्गी) 84.67% | तनु अग्रवाल (गार्गी) 82.17% | निशिता जैन (गार्गी) 81.33% | कनन वासवानी (गार्गी) 80.33% | शहनूर बानो (गार्गी) 76.67%

टीना सोनी 74.67% | लक्की गुप्ता 73.33% | पीयूष खेमानी 70.00% | सानिया रहमान 69.50% | उर्वशी 68.50%
नो एडमिशन फीस
नर्सरी से UKG/Prep
किताबे निःशुल्क
एक यूनीफार्म निःशुल्क
केवल नए विद्यार्थियों के लिए

टीना शर्मा 67.83% | सबा जैनब 65.00% | उपेन्द्रसिंह चौहान 61.50% | विकास चांदवानी 60.83%

वाहन सुविधा उपलब्ध

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत साप्ताहिक

सकारात्मक हिन्दी साप्ताहिक अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

आषाढ़, पक्ष - शुक्ल, तिथि - सप्तमी, संवत 2079 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार 6 जुलाई - 12 जुलाई, 2022



## जागरूक खबरें

### पुलिस अधीक्षक का इस्तक़बाल कर वर्तमान हालात पर की चर्चा



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त के पद भार ग्रहण करने के बाद मुस्लिम समाज की ओर से समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने इस्तक़बाल कर वर्तमान हालात पर चर्चा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने बताया कि चित्तौड़गढ़ में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए हर कदम उठाये जायंगे। इसमें हर नागरिक को अपना सहयोग करना चाहिए। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों मजिस्ट्रेट कॉलोनी स्थित मस्जिद तथा शहर में स्थित सॉलिड फर्नीचर पैलेस की घटनाओं के बारे में भी चर्चा की। जिस पर एसपी दुष्यंत ने आश्वासन जताया की पुलिस के हाथ अपराधी को पकड़ने के लिए है अपराधी कोई भी हो बक्शा नहीं जाएगा। इस दौरान अंजुमन संस्थान के पूर्व सदर हाजी अब्दुल गनी शेख़, पूर्व सचिव व नायब सदर ईरशाद शेख़ उर्फ भोला भाई, पार्षद आरिफ अली एडवोकेट, तनवीर खान एडवोकेट सहित अन्य उपस्थित थे।

### आत्मा योजनांतर्गत कृषक पुरस्कार के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

**जालोर @ जागरूक जनता।** कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजनांतर्गत कृषक पुरस्कार के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। कृषि विभाग के उप निदेशक एवं आत्मा के पदेन परियोजना निदेशक डॉक्टर आर.बी. सिंह ने बताया कि कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा योजना) के अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी, जैविक खेती व नवाचार खेती में नवीन गतिविधियां अपनाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व उत्पादन में वृद्धि करने वाले श्रेष्ठ कृषकों को जिला स्तर पर 25 हजार रुपए एवं पंचायत स्तर पर 10 हजार रुपए का पुरस्कार प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इच्छुक कृषक कृषि, पशुपालन व उद्यान विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र व पशु विज्ञान केंद्र से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर मय फोटोग्राफ एवं प्रमाण पत्र 31 जुलाई, 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। कृषक पुरस्कार के लिए प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर पांच कृषकों का अलग-अलग गतिविधिवार यथा-कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी, जैविक खेती व नवाचार खेती गतिविधियों में चयन किया जायेगा। उक्त चयनित कृषकों में से जिला स्तर के पुरस्कार के लिए प्रत्येक गतिविधि से दो सर्वश्रेष्ठ कृषकों का चयन किया जायेगा। जिन कृषकों को वर्ष 2009-10 तथा इसके पश्चात् आत्मा परियोजनान्तर्गत किसी भी स्तर के (पंचायत, जिला एवं राज्य स्तर पर) पुरस्कार से पुरस्कृत किया जा चुका हैं, वह कृषक वर्ष 2022-23 के पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे।

### कलक्टर ने सीएचसी रानीवाड़ा व छात्रावास का निरीक्षण कर दिये निर्देश



**रानीवाड़ा @ जागरूक जनता।** जिला कलक्टर ने सीएचसी रानीवाड़ा का निरीक्षण कर प्रभारी अधिकारी से विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए अनीमिया रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत आइएफए खुराक का वितरण कर आमजन को लाभान्वित करने की बात कही। उन्होंने सीएचसी सेंटर पर विभिन्न वार्डों का अवलोकन करते हुए मरीजों से वार्ता कर सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सीएचसी सेन्टर पर साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतरीन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवाईयों का स्टॉक सुनिश्चित करने सहित मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किये। इसके उपरांत शारदे बालिका छात्रावास देवपुरा का अवलोकन कर व्यवस्थाएं जांची तथा उपस्थित बालिकाओं से छात्रावास में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान रानीवाड़ा उपखण्ड अधिकारी प्रकाशचन्द्र अग्रवाल, बीसीएमओ डॉ. वासुदेव जोशी, सीएचसी प्रभारी डॉ.बाबूलाल पुरोहित सहित अन्य अधिकारी-कार्मिक साथ रहे।

### बीकानेर के देराजसर एवं सातलेरा में खुलेंगे नवीन आयुर्वेद औषधालय

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीकानेर जिले के ग्राम पंचायत मुख्यालय देराजसर तथा ग्राम सातलेरा में नवीन आयुर्वेद औषधालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि 'आयुष नीति-2021' में निर्धारित मापदंडों के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नवीन आयुर्वेद औषधालय स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। आयुष विभाग द्वारा आयुष नीति-2021 के मापदंडों के आधार पर ग्राम पंचायत मुख्यालय देराजसर में नवीन आयुर्वेद औषधालय स्थापित करने तथा सातलेरा में नवीन आयुर्वेद औषधालय खोलने हेतु शिथिलता प्रदान करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। गहलोत के इस निर्णय से लोगों को ग्राम स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

केन्द्रीय सहकारी बैंकों एवं उपभोक्ता भंडारों में 800 पदों पर भर्ती होगी

# अधिकारी एवं कर्मचारी कर्तव्यों का पालन कर जनहित में कार्य करें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि सहकारी बैंकों एवं उपभोक्ता भंडारों में रिक्त 800 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए सहकार भर्ती बोर्ड के माध्यम से आवेदन आंमत्रित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारी बैंकों में पूर्व में भी 700 विभिन्न पदों पर भर्ती कर नियुक्तियां दी जा चुकी है। आंजना मंगलवार को कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा के ऑडिटोरियम में राजस्थान स्टेट कॉपरेटिव सर्विसेज ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं एसोसिएशन ऑफ राजस्थान कॉपरेटिव सबोर्डिनेट सर्विसेज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कर्मचारियों के हितों के प्रति बहुत ही संवेदनशील है, वे प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निर्णय ले रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना लागू कर उनके भविष्य को सुरक्षित किया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी सरकार के कार्यो को गति दे। अपने कार्य को निष्ठा से करें। अपने कर्तव्यों का पालन कर जनहित को ध्यान में रखकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने ऋण माफी में बॉयोमैट्रिक सत्यापन कर लागू कर पारदर्शिता के साथ वास्तविक किसानों को लाभ दिलाया है। समर्थन मूल्य खरीद में भी बॉयोमैट्रिक सत्यापन लागू होने से किसानों की उपज खरीद में आसानी हो रही है एवं किसानों को त्वरित भुगतान हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थापकों की समस्या का भी समाधान किया जा रहा है। ग्राम सेवा सहकारी समितियों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सहकारिता में लोकतंत्र की भावना के लिए समय पर चुनाव होना जरूरी है। राजस्थान स्टेट कॉपरेटिव सर्विसेज ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर रहे है और आगे भी पूरी ऊर्जा के साथ सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारकर पात्र को लाभ दिलवाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर सहकारिता की पहुंच बढाए। उन्होंने सहकारिता के कैडर में वेतन विसंगति एवं कैडर स्ट्रेन्थन पर सहकारिता मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**चौमू @ जागरूक जनता।** अंजनी हनुमान धाम में महंत हरी कृष्णदास ग्वालिया बाबा के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा प्रारंभ में सर्वप्रथम कथा में श्री रघुनाथ जी महाराज मंदिर हाड़ोता से कलश यात्रा प्रारंभ कर मुख्य मार्गो से होते हुए अंजनी हनुमान धाम कथा प्रांगण में पहुंची। कलश यात्रा में महिलाएं पुरुष नाचते गाते हुए नजर आए व कलश यात्रा पर लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा। ग्वालिया बाबा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से ही प्रकार पाप नष्ट होते हैं। कथा आज से प्रारंभ होकर 12 जुलाई तक चलेगी। कथा का समय दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम को 6:00 बजे तक रहेगा।कथा व्यास श्री श्री 108 श्री महंत गणेश दास जी महाराज अयोध्या धाम वाले आज की कथा में भागवत महत्व, सुखदेव चरित्र,और उन्होंने कहा कि जन्म जन्मांतर के पुण्य उदय होते हैं। तब भागवत सुनने का लाभ प्राप्त होता है। भागवत की सदैव श्रवण है देव दुर्लभ मानव शरीर प्राप्त करते हुए यदि भगवान की कथा नहीं सुने तो वह मनुष्य पशु के समान हैं। इस कार्यक्रम में श्री महंत हरी शंकर दास जी महाराज, राम बिहारी दास जी महाराज, ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

## पशुपालन विभाग के 475 कार्मिकों को मिलेंगे पदोन्नति के अवसर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पशुपालन विभाग में तकनीकी कर्मचारियों के पदों के क्रमोन्नयन एवं राज्य पशुपालन सेवा के अधिकारियों के पदों को क्रमोन्नत/ पुनर्गठन को मंजूरी दी है। पुनर्गठन से 475 कार्मिकों को पदोन्नति के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्णय से विभाग में सहायक सूचना अधिकारी के 352 पदों तथा उप निदेशक के 123 पदों का सृजन हो सकेगा। पुनर्गठन के बाद प्रत्येक संभागीय अतिरिक्त निदेशक कार्यालय में 1 अतिरिक्त निदेशक व 3 उप निदेशक, जिला कार्यालय में 4 उप निदेशक तथा 1 वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी होंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट 2022-23 में विभिन्न सेवा/ काडर में पदोन्नति के समुचित अवसर प्रदान करने की दृष्टि से आवश्यकता अनुसार पुनर्गठन एवं पदोन्नति के पदों में वृद्धि की घोषणा की थी।

### हर घर जल कनेक्शन की संख्या 27 लाख तक पहुंची

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जल जीवन मिशन में राजस्थान निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर जल कनेक्शन का आंकड़ा मंगलवार को 27 लाख तक पहुंच गया। मिशन में अब तक प्रदेश के 25.92 फीसदी ग्रामीण घरों को नल के माध्यम से जल कनेक्शन से जोड़ा जा चुका है। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश दिसम्बर, 2019 में जारी किये गए थे। जेजेएम की घोषणा से पहले तक प्रदेश में 'हर घर जल कनेक्शन' वाले परिवारों की संख्या 11 लाख 74 हजार 131 थी जो अब बढ़कर 27 लाख हो गई है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में अभी तक 1,391 गांवों एवं 72 ग्राम पंचायतों को शत प्रतिशत नल के माध्यम से जल कनेक्शन से जोड़ दिया गया है। ग्राम जल स्वच्छता समितियों के गठन में भी राजस्थान अग्रणी है। अभी तक 43,364 में से 43,251 गांवों में ग्राम जल स्वच्छता समितियों का गठन किया जा चुका है।

हिन्दुस्तान जिंक

# सीएसआर के तहत स्थापित लघु उद्योग महिलाओं को बना रहे उद्यमी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर के तहत विभिन्न परियोजनाएं चलायी जा रही है। जिनमें लघु उद्योगों को बढ़ावा देना प्रमुखता से है। विगत दो वर्षो में दो महिला उद्योग स्थापित किये गये जिसमें महिलाएं उद्यमी बनकर उभरी है। जिंक के निकटवर्ती गांव मूंगा का खेड़ा में मसाला उद्योग एवं परिधान निर्माण उद्योग जो कि पुठोली में स्थित है। इन उद्योगों के माध्यम से 50-60 महिलाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। इन महिलाओं को इन उद्योगों से जुड़कर स्वावलंबन की राह नजर आयी है, अब ये महिलाएं 4 से 5 हजार रूपये प्रति महिला आय सृजित कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। इन यूनिट में निर्माण से लेकर बाजार में विपणन की जिम्मेदारी तक सभी कार्य महिलाओं द्वारा ही किये जाते है। महिलाओं द्वारा निर्मित मसालें दिल्ली, गाजियाबाद और आगरा सहित प्रदेश के 8 से अधिक जिलों और 300 से अधिक दूकानों पर उपलब्ध है। महिलाओं द्वारा निर्मित परिधान उपाया ब्राण्ड से उपलब्ध है सभी उत्पाद उच्च गुणवत्ता होने के कारण बाजार में विभिन्न संस्थाओं द्वारा क्रय किये जाते है। उद्योग की इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए जय चित्तोड़ कृषि उत्पादक संगठन हिन्दुस्तान जिंक की समाधान परियोजना के अंतर्गत मिनरल मिक्सचर यूनिट की स्थापना ग्राम मूंगा का खेड़ा में की जा रही है। इसकी स्थापना से स्थानीय आवश्यकतानुसार मिनरल मिक्सचर बनाया जाएगा जिससे पशुधन के स्वास्थ्यवर्धन के साथ साथ किसान भाइयों के आय में भी वृद्धि होगी। मसाला उद्योग एवं परिधान निर्माण इकाई हिन्दुस्तान जिंक की सखी परियोजना के अंतर्गत संचालित है।

### सखी द्वारा निर्मित मसालें और परिधान बने आमजन की पसंद

जिंक ने सखी समूहों की आय सृजन को प्राथमिकता समझते हुए सखी के उत्पादों को बेचने के लिए स्थानिय और राज्य स्तर पर बिक्री और बाजार से जोडा है ताकि सखी महिलाओं के बने उत्पाद सीधे बाजार में पहुंचे। सखी द्वारा निर्मित किए जा रहे मसालें एवं परिधान अब बाजार में भी उपलब्ध है, शुद्धता की गारंन्टी सुनिश्चित करते हुए 35 से अधिक महिलाएं मसाला उद्यमी के रूप में कार्यरत है जिनमें से 12 महिलाएं मसालों का उत्पादन एवं अन्य उन्हें गांव एवं शहरी क्षेत्र में विपणन का कार्य कर रही है। इसी प्रकार परिधान बनाने के लिये 25 से अधिक महिलाएं जुडी है जो कि डिजायनर कपड़े, बेग, होम डेकोर तैयार करती है जिन्हें आमजन द्वारा पंसद किया जा रहा है।

### महिलाओं को उद्यमी बनाने में निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका

हिन्दुस्तान जिंक ग्रामीण महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड कर उन्हें उद्यमी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हिन्दुस्तान जिंक अपने सामाजिक सरोकार के तहत महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए विगत 14 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का स्वंय सहायता समूह बनाकर उनक रूचि एवं आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण देकर समाज में अपनी अलग ही पहचान दिलाने का अनुठा प्रयास कर रहा है। फलस्वरूप इस अभियान से जुडी महिलाओं में अदम्य विश्वास मुखरित हुआ है।

### सखी हाट से जुड़ महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

हिन्दुस्तान जिंक राजस्थान के 5 जिलों उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, भीलवाडा और अजमेर एवं उत्तराखंड के रूद्रपुर की 7 इकाइयों में सखी कार्यक्रम से 'वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दे रहा है जिनसे घरेलू उत्पादों और स्थानीय पहल को पुनर्जीवित करने में सहायता मिली है। हिन्दुस्तान जिंक का सखी कार्यक्रम महिलाओं को लघु उद्यमियों के रूप में पहचान दिलाने और उन्हें प्रशिक्षित कर आर्थिक रूप से स्वतंत्र एवं सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सखी महिलाओं द्वारा हस्तकौशल एवं हस्त निर्मित उत्पादों सुदंर परिधानों, शुद्ध खाद्य सामग्री और साथ ही विभिन्न खाद्य स्टॉल से सुसज्जित एवं महिलाओं द्वारा चित्तौड़गढ़ के जिंक नगर में संचालित सखी हाट सभी के आकर्षण का केंद्र है।




ANCHOR ग्वालियर से पिंकसिटी पहुंचा टाइगर शिवाजी

# शिवाजी की 3 सप्ताह क्वॉरेंटाइन रहने के बाद टाइग्रेस रानी के साथ बनेगी जोड़ी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर के वन्यजीव प्रेमियों का लंबा इंतजार खत्म हो गया है। मंगलवार को वन्यजीव एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत ग्वलियर के गांधी जूलोजिकल पार्क से 400 किलोमीटर का सफर तय कर टाइगर शिवाजी जयपुर पहुंचा। वन विभाग के आला अधिकारियों की देखरेख में जयपुर लाय गए 4 साल के शिवाजी को फिलहाल नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में 3 सप्ताह तक क्वारंटाइन रखा जाएगा। इसके बाद शिवाजी को ओडिशा से लाई गई टाइग्रेस रानी के साथ जोड़ा बनाकर रखने की तैयारी है।

डॉ अरविंद माथुर ने बताया कि 400 किलोमीटर के सफर के दौरान गर्मी ने शिवाजी को काफी परेशान किया। ऐसे में हर 50 किलोमीटर पर वन विभाग द्वारा गाड़ी को रोक शिवाजी को सफर में आराम दिया गया। इसके साथ ही गर्मी से बचने के लिए लिक्विड के तौर पर शिवाजी को ग्लूकोज और इलेक्ट्रोल दिया गया। वहीं खाने में चिकन और मटन दिया गया। ताकि वह गर्मी में भूखा रहकर चिड़चिड़ा महसूस ना करें।

दरअसल, वन्यजीव एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत शिवाजी को राजस्थान में लाया गया है। ऐसे में टाइगर शिवाजी के आने से जयपुर में टाइगर्स की संख्या में इजाफा होने की संभावना बढ़ गई है। वहीं जयपुर से एक लेपर्ड, भेड़िए का जोड़ा और एक इंडियन फॉक्स के जोड़े को ग्वालियर के गांधी जूलॉजिकल पार्क को दिया गया है। बता दें कि वन विभाग द्वारा जयपुर के नाहरगढ़ में भी टाइगर सफारी शुरू करने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में शिवाजी के जयपुर आने के बाद उसे टाइग्रेस रानी के साथ मेट कर टाइगर्स का कुनबा बढ़ाने की तैयारी है।